Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्षः 6 अंकः 53 | रविवार, 23 फरवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-9 | मूल्य-एक रुपया

## महाराष्ट्र में बोले अमित शाह

# 'राहुल बाबा हमारा मजाक उड़ाते थे, हमने एक क्लिक से लोगों के खाते में पैसे डाले'

**नई दिल्ली।**

एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरूआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दशार्ता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत प्रामाणिक शिवसेना और एनसीपी के लिए जनता के समर्थन का संकेत देती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते हुए एक समारोह में अमित शाह ने नई सरकार का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिवसेना और राकांपा के भीतर वास्तविक गुटों पर जनता के



स्पष्ट निर्णय पर जोर दिया। एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरूआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दशार्ता है। इस योजना का लक्ष्य 2029 तक देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए पांच करोड़ घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 1,465 शहरी सहकारी बैंक हैं, और 400 से अधिक केवल महाराष्ट्र में हैं। हम एक वटइफएछछअ संगठन को सक्रिय कर रहे हैं, जो सभी सहकारी बैंकों को हर संभव तरीके से मदद करेगा। वटइफएछछअ संस्था के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी

> श्री अमित शाह ने कहा कि हालांकि क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी प्रकृति की है, हाल के वर्षों में, ये बैठकें विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में विकसित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि क्षेत्रीय परिषद की बैठकों के माध्यम से, देश ने संवाद, जुड़ाव और सहयोग से संचालित समावेशी समाधान और समग्र विकास को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण एक मंत्र से एक मार्गदर्शक संस्कृति में बदल गया है।

मंजूर किया गया है। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं, राहुल गांधी, कैसे पीएम मोदी ने एक क्लिक से लाभार्थी के खाते में धनराशि ट्रांसफर की। अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के मुख्यमंत्रियों, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के प्रशासक और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। केंद्रीय गृह सचिव, सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय, सचिव, सहकारिता मंत्रालय, पश्चिमी क्षेत्र के राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका



**नई दिल्ली।**

सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर केंद्र सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसा को रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की गई है।

याचिका में नागरिकता संशोधन अधिनियम-2019 (सीएए) के तहत नागरिकता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने की भी मांग की गई है ताकि हिंसा के चलते भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं को इसका लाभ मिल सके। यह याचिका लुधियाना के व्यवसायी और समाजसेवी राजेश ढांडा द्वारा दायर की गई है। यह याचिका 24 फरवरी को चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की पीठ के समक्ष विचार के लिए सूचीबद्ध है। याचिका में भारत सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनों में मान्यता प्राप्त कूटनीतिक या अन्य कदम उठाए। विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से यह भी मांग की गई है कि वे बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग को प्रभावित हिंदू अल्पसंख्यकों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दें। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान दौर में कई संप्रभु राष्ट्रों ने वैश्विक मंचों जैसे अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और संयुक्त राष्ट्र का उपयोग करके अन्य संप्रभु राष्ट्रों में मानवाधिकारों के उल्लंघन से संबंधित मुद्दों को उठाया है।

# ऑस्ट्रेलिया ने हासिल किया चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा लक्ष्य, इंग्लैंड को हराया



**नई दिल्ली।**

इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की शानदार पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 351 रन बनाए जो चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा टोटल था।

हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरूआत से उबर कर 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन बनाकर पांच विकेट से मैच जीता ।जोश इंग्लिस के शतक और एलेक्स कैरी के पचासे से ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ ग्रुप बी के मुकाबले में चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास

> ■ ऑस्ट्रेलिया ने 5618 दिन बाद इस टूनार्मेंट में मुकाबला जीता है।

का सबसे बड़ा लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया। इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की शानदार पारी की मदद से 50 ओवर में आठ विकेट पर 351 रन बनाए जो चैंपियंस ट्रॉफी का सबसे बड़ा टोटल था। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया ने खराब शुरूआत से उबर कर 47.3 ओवर में पांच विकेट पर 356 रन बनाकर पांच विकेट से मैच जीता। ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ ही इतिहास रच दिया है। टीम ने ना सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी बल्कि सभी आईसीसी वनडे टूनार्मेंट का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था जिसने 2023 वनडे विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ 345 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। ऑस्ट्रेलिया की यह 2009 में फाइनल के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी में पहली जीत है। उसने चैंपियंस ट्रॉफी में आखिरी बार पांच अक्तूबर 2009 को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज की थी।

## महाकुंभ में सेवा कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति आर महादेवन ने बांटा च्यवन प्रासद

**प्रयागराज।**

प्रयागराज कुंभ मेला क्षेत्र में युवा चेतना के द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यक्रम के तहत च्यवनप्राश का वितरण किया गया। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायमूर्ति आर महादेवन, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने 93 वर्षीय महिला को च्यवनप्राश देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायमूर्ति आर महादेवन ने कहा कि भगवान से प्रार्थना है की सबका कल्याण



हो। न्यायमूर्ति महादेवन ने कहा सेवा कार्य समाज के लिए हितकर है। न्यायमूर्ति आर महादेवन ने अपनी धर्मपत्नी पुष्पा महादेवन के साथ स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी का आशीर्वाद लिया। स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी ने कहा कि सनातन धर्म व्यापक है और यहाँ सबका सम्मान है।

## जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहे पोप फ्रांसिस

**रोम।** पोप फ्रांसिस की हालत शनिवार को और बिगड़ गई, वेटिकन ने बयान जारी कर कहा कि पोप फ्रांसिस की हालत काफी गंभीर है। लंबे समय तक अस्थमा से पीड़ित होने के चलते उन्हें सांस लेने में परेशानी है। इस कारण उन्हें अधिक मात्रा में आक्सीजन देनी पड़ी। वेटिकन ने कहा है कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को फेफड़ों में हुए संक्रमण के कारण एक सप्ताह से अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच के बाद खून की कमी की बात सामने आई। इसके बाद उन्हें खून चढ़ाया गया। उन्होंने पहले की तुलना में अधिक दर्द में होते हुए भी बैठकर दिन बिताया।

## तेलंगाना में बड़ा हादसा

# सुरंग की छत का एक हिस्सा ढहा, 6 मजदूर फंसे

**नई दिल्ली।**

मुख्यमंत्री कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में, बिना कोई संख्या बताए, संकेत दिया गया कि कुछ लोगों को चोटें आईं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। शनिवार को तेलंगाना के नगरकुर्नूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक नहर (एसएलबीसी) के निमार्णाधीन हिस्से में एक छत का एक हिस्सा ढह जाने से छह श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है।

पुलिस ने बताया कि निर्माण कंपनी की टीम मूल्यांकन के लिए अंदर गई है और सत्यापन कर रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि काम में लगी कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक छह से आठ श्रमिकों के फंसे होने की आशंका है। अधिकारी ने कहा, श्यह घटना तब हुई जब कुछ कर्मचारी काम के सिलसिले में अंदर



गए थे, तभी सुरंग के 12-13 किलोमीटर अंदर छत गिर गई।ₑ हालाँकि, मुख्यमंत्री कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति में, बिना कोई संख्या बताए, संकेत दिया गया कि कुछ लोगों को चोटें आईं। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों को राहत उपाय करने के लिए दुर्घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुसार, राज्य के सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी, सिंचाई पर सरकार के सलाहकार आदित्यनाथ दास और अन्य सिंचाई अधिकारी एक विशेष हेलीकॉप्टर में घटनास्थल के लिए रवाना हुए। सीएम कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने एसएलबीसी सुरंग में दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया। सुरंग में छत गिरने और कई लोगों के घायल होने की सूचना मिलने के बाद, मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को सतर्क किया।



## एक्शन मोड में रेखा सरकार

# विधानसभा सत्र का नोटिस जारी, 24 फरवरी 11 बजे विधायक लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।**

5 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। राजधानी में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में है। मंत्री अपने-अपने विभागों का गहन अध्ययन और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। पिछली सरकार के कार्यकाल की कमियों को ठीक करने के लिए ताबड़तोड़ कदम उठाए जा रहे हैं। इस बीच विधानसभा के पहले सत्र के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है। विधानसभा सचिवालय की तरफ से जारी नोटिस के मुताबिक, 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से सत्र शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा और लंबित सीएजी रिपोर्ट को सदन पटल पर रखा जाएगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।

# प्रयागराज पहुंचे जेपी नड्डा, संगम में लगाई डुबकी

**प्रयागराज।**

न दोनों प्रमुख नेताओं की त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना महाकुंभ में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लेटे हनुमानजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज महाकुंभ में पहुंचे। उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगाई। इससे पहले सीएम आदित्यनाथ ने महाकुंभ नगर में केंद्रीय मंत्री नड्डा का जोरदार स्वागत किया। इन दोनों प्रमुख नेताओं की त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाना महाकुंभ में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बन गया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लेटे हनुमानजी मंदिर में पूजा-अर्चना की। नड्डा ने संगम तट पर परिवार के साथ पूजा-अर्चना भी की। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ का आयोजन 144 साल बाद हो रहा है। यह हिंदू धर्म के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रमों में से एक है। इस खास मौके पर लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं, जिसे धार्मिक प्रगति और पापों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनकी कुल संख्या 600 मिलियन से अधिक है। महाकुंभ मेला प्रशासन के मुताबिक, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 60 करोड़ से ज्यादा हो गई है।



## संपादक की कलम से

### जिंदगी की मेगा मुहिम

देश में अस्सी प्रतिशत मौतों के लिये जिम्मेदार गैर संक्रामक रोगों के खिलाफ केंद्र सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने एक बड़ी मुहिम शुरू की है। इसके अंतर्गत पूरे देश में तीस साल से अधिक उम्र वाले करीब नब्बे करोड़ लोगों की शुगर, बीपी और कैंसर की जांच होगी। गत गुरुवार को शुरू हुई यह देशव्यापी मुहिम 31 मार्च तक चलेगी। हालांकि, फ्रंटलाइन स्वस्थ्य कार्यकर्ता,आशा वर्कर,एएनएम आदि घर–घर इस अभियान के लिये संपर्क करेंगे, लेकिन जिन तक संपर्क न हो पाए वे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना डेटा राष्ट्रीय पोर्टल तक पहुंचा सकते हैं। दरअसल, वर्ष 2021 के आंकड़ों के अनुसार देश में तीस व उससे अधिक उम्र वालों की संख्या करीब 64 फीसदी है। जिन्हें इस अभियान के केंद्र में रखा गया है। हाल के वर्षों में देखा गया है कि देश में मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और आईसीएमआर के अनुसार देश में गैर संक्रामक रोगों से मरने वालों का प्रतिशत कुल रोगों से मरने वालों में अस्सी प्रतिशत है। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 से 2030 के बीच गैर संक्रामक रोगों से 305 लाख करोड़ का नुकसान होने का अनुमान है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्रालय की इस मुहिम का मकसद है कि गैर संक्रामक रोगों व मुंह, ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर की स्थिति का पता लगाया जाए। जिससे समय रहते इन रोगों के नियंत्रण के लिये नीति तैयार की जा सके। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के सिरे चढ़ने के बाद स्वास्थ्य सेवा की लागत कम की जा सकेगी। इस अभियान की रियल टाइम मॉनिटरिंग होगी और स्क्रीनिंग, उपचार व उसके फॉलोअप के आंकड़े स्वास्थ्य मंत्रालय के पोर्टल पर अपडेट किए जा सकेंगे। दरअसल,भारत में कैंसर व अन्य गैर संक्रामक रोगों का पता समय रहते नहीं चल पाता। जिसके कारण उपचार मिलने के बावजूद इनके नुकसान से बचा नहीं जा सकता है। निश्चित रूप से इस अभियान से लोगों में अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता आएगी। दरअसल, हाल के वर्षों में खानपान व जीवन शैली में बदलाव से गैर संक्रामक रोगों की आधारभूमि तैयार हुई है। रोग का समय से पता न चल पाने के कारण जीवनभर इन रोगों का उपचार चलता रहता है। महंगी होती चिकित्सा प्रणाली के चलते तमाम परिवार गरीबी के दलदल में फंसकर रह जाते हैं। विडंबना यह है कि तंबाकू के सेवन से कैंसर के मामले बढ़े हैं। करीब 44 फीसदी पुरुष व करीब सात फीसदी महिलाएं तंबाकू का सेवन करती हैं। वहीं पुरुषों में मोटापा 12 फीसदी से बढ़कर 18 फीसदी हुआ है तो महिलाओं में यह बारह फीसदी से बढ़कर बीस फीसदी हुआ है। जिसका मूल कारण शारीरिक सक्रियता में कमी भी है।



ललित शर्मा
संपादक

# 'सियासी पापों' से जनहित की रक्षा के लिए गठित करनी होगी स्वतंत्र एजेंसी?

भारत की संसदीय राजनीति एक बार फिर सवालों के घेरे में है। यहां राजनीतिक दलों और निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को प्राप्त बेहिसाब अधिकार के दुरूपयोग की जिस तरह की दुनियावी खबरें मिल रही हैं, उससे पक्ष-विपक्ष दोनों की सियासी भूमिका संदेह के घेरे में है। सुलगता सवाल है कि जब राजनीतिक दलों और उनके द्वारा ही राष्ट्रीयता विरोधी कार्रवाई की जाएगी, राष्ट्रवाद की अवधारणा को मुंह चिढ़ाते हुए जनविरोधी फैसले लिए जाएंगे और कानून बनाए जाएंगे तो फिर इसकी निष्पक्ष जांच कौन करेगा?

चूंकि भारत में जिन दलित, आदिवासी और पिछड़े मतदाताओं का बहुमत है, उनकी कानूनी शिक्षा व राजनीतिक साक्षरता उस स्तर की नहीं है, जो किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए जरूरी है। इसलिए उन्हें आरक्षण, जातिवाद और साम्प्रदायिकता जैसे मुद्दों पर सियासी समूहों द्वारा बरगलाया जाता है और जनविरोधी-राष्ट्रविरोधी कुकृत्य संपादित किये जाते हैं, इसलिए प्रबुद्ध सिविल सोसाइटी का जगना बदलते वक्त की मांग है, अन्यथा देश को पुनः गुलाम होने से कोई नहीं रोक सकता।

सच कहूं तो जैसे मुगल शासक बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दांवपेंच को नहीं समझ पाए और अंग्रेजों के हाथों अपनी सत्ता गंवा दी, कुछ उसी तरह की भूल हमारी निर्वाचित सरकारें एक-दूसरे दल को दबाने के लिए कर रही हैं। कोई दल अमेरिका के हाथ में खेल रहा है, तो कोई दल चीन के हाथ में। कोई पार्टी अरब मुल्कों के प्रभाव में है तो कोई पार्टी यूरोपीय देशों के प्रभाव में। यह अनुचित है और इससे बचने का एक मात्र रास्ता है कि हमलोग आओ कानून-कानून खेलें वाली प्रवृत्ति से बचें।

बेहतर तो यही होगा कि जैसे पूरे देश में एक समान मताधिकार कानून है, उसी तरह से हरेक मुद्दे पर एक समान कानून बने। इसमें जाति, भाषा, क्षेत्र, सम्प्रदाय, लिंग अथवा वर्ग मूलक आदि के नजरिए से कोई विभिन्नता पैदा नहीं की जाए और इस मामले में ब्रितानी नीतियों का ट्रू कॉपी समझे जाने वाले हमारे संविधान में अपेक्षित संशोधन किए जाएं। अन्यथा तर्क पर कुतर्क भारी पड़ेगा। लोकतंत्र महज भीड़तंत्र बनकर रह जाएगा। इसे सभ्य तन्त्र में तब्दील करना दिवास्वप्न बन जायेगा।

अमूमन, चुनावों में धनबल के बढ़ते प्रयोग और उस धन को एकत्रित करने के लिए राजनीतिक दलों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर किए जाने वाले नीतिगत समझौते से ही भारत और भारतीयों दोनों का भविष्य प्रभावित होने लगे और मुट्ठी भर अभिजात्य लोगों की चांदी हो जाए तो फिर क्या किया जा सकता है। ये बातें मैं इसलिए छेड़ रहा हूँ कि इस बारे में सत्ता पक्ष और विपक्ष में, जो तू-तू, मैं-मैं होती रहती है, उससे अक्सर संशय पैदा होती है।

चूंकि इस आत्मघाती सियासी प्रवृत्ति को रोकने में हमारी उच्च पदस्थ कार्यपालिका और न्यायपालिका दोनों विफल रही है, इनके विश्लेषण में मीडिया की भूमिका भी पक्षपाती और अभिजात्य वर्गीय हितों की संरक्षक प्रतीत हुई है, इसलिए इन तमाम मामलों की निष्पक्ष जांच और अपेक्षित समतामूलक कार्रवाई के लिए



₹न्यायपालिका, कार्यपालिका, मीडिया और सिविल सोसाइटी के प्रबुद्ध, उच्च योग्यताधारी, समाजसेवा में अनुभवी और वैचारिक साख रखने वाले व्यक्तियों की एक जिम्मेदार स्वतंत्र एजेंसी₹ बनाये जाने और इनके प्राप्त निष्कर्षों पर जनमत सर्वेक्षण कराए जाने की जरूरत है, ताकि भारतीय संसद द्वारा बनाए गए राष्ट्रवाद, हिंदुत्व और जनविरोधी कानूनों की समीक्षा समय-समय पर की जा सके।

ऐसा करना इसलिए भी जरूरी है कि बहुमत के जुगाड़ में राजनीतिक दल जो कुछ भी फैसले लिए गए हैं या लिए जाते हैं, या लिए जाने वाले हैं उससे साफ दृष्टिगोचर हो रहा है कि ये कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना की तर्ज पर कार्य कर रहे हैं। लिहाजा, सभ्य समाज के निर्माण में इनकी भूमिका भी पक्षपाती प्रतीत होती आई है। वहीं, हमारी संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष की मिलीभगत से विभिन्न बहुराष्ट्रीय कम्पनियों और स्वार्थपरक पेशेवर या सामाजिक-आर्थिक दबाव समूहों के हित में जो कानून बनाए गए हैं, उससे आम भारतीय यानी आम आदमी के दूरगामी हितों पर कुठाराघात पहुंचा है। इसलिए जनहित के विरोध में जो फैसले लिए गए हैं, तत्सम्बन्धी कानून बनाए गए हैं, उन्हें बदलवाने में भी उपर्युक्त एजेंसी की भूमिका को सार्थक बनाने की दरकार है।

इन बातों को समझने-समझाने के लिए यहां पर एक उदाहरण प्रस्तुत कर रहा हूँ। मसलन, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार 20 फरवरी को कहा है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन भारत में किसी और को सत्ता में लाना चाहते थे। साथ ही उन्होंने एक बार फिर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर आवंटित करने के बाइडन प्रशासन के फैसले पर सवाल उठाया। लिहाजा, इस मामले को लेकर भाजपा और कांग्रेस पुनः आमने-सामने आ गई हैं।

दरअसल, ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एफआईआई प्राथमिकता शिखर सम्मेलन में ये टिप्पणियां कीं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बाइडन प्रशासन भारत में किसी और को निर्वाचित करने की कोशिश कर रहा था। हमें भारत सरकार को बताना होगा। हैरतअंगेज है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अक्सर विदेश दौरे पर जाकर सार्वजनिक तौर पर भारत के लोकतंत्र में विदेशी ताकतों के हस्तक्षेप की मांग करते हैं। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति ने फंडिंग की पुष्टि कर उनको मिल रही मदद पर मुहर लगा दी है। इस पर प्रतिक्रिया जताते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने ट्रंफ को कोट करते हुए कहा कि ₹हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर खर्च करने की क्या जरूरत है। उनका बयान एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) द्वारा खुलासा करने के बाद आया है।₹ वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि ₹यूएस एड से जुड़े ट्रप के दावे बेतुके हैं। इस पर केंद्र श्वेत पत्र जारी करे, जिसमें दशकों से यूएसएड की ओर से सरकारी और गैर सरकारी संस्थानों को दिए गए सहयोग का विस्तृत विवरण हो।

वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा है कि भारत और बांग्लादेश को करोड़ों डॉलर देने की क्या जरूरत है, जब एशिया अच्छा कर रहा है। ये सिर्फ कुछ फंडिंग हैं। सह सूची बहुत ही लंबी है। ऐसे में यह आवश्यक है कि भारत सरकार अमेरिका से पूरी सूची तलब करे और भारत के लोगों को पूरी जानकारी दे। इस पूरे मामले में शामिल लोगों की भूमिका की निष्पक्ष पड़ताल भी होनी चाहिए। इस बारे में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ठीक ही कहा है कि चुनाव आयोग को उन रिपोर्टों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए कि अमेरिका ने भारत के चुनावों में मतदाता भागीदारी बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ अमरीकी डॉलर खर्च किए हैं।

यदि आप इस मुद्दे पर गौर करेंगे तो पाएंगे कि मामला बहुत गम्भीर है। इससे हमारे लोकतंत्र पर सवाल पैदा होता कि क्या उसका रिमोट कंट्रोल विकसित देशों के धनबल के पास है। शायद इसलिए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं सांसद रविशंकर प्रसाद ने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया। **-कमलेश पांडे**



## उदय किशोर साह

### सब्र तैरा है वरदान

कविता

कितना लेगा तुम हमारा इम्लहान
सब्र भी तेरा हमें मिला है वरदान
ठोकर खाकर धरा पे हर मानव
बनता है इन्सान से इक दिन महान

जिंसने तुमको कल तक रूलाया है
वो ही कल तुमको ही हँसायेगा
तेरे उजड़े हुए टुटा आशियाना
वो ही कल तुमको भी बसायेगा

मत घबराना है तुम्हें इस झंझावत से
मत भय खाना है खड़ा गिरिराज से
जब समय तेरा साकारात्मक आयेगा
दुश्मन भी आयेगा तेरे आवाज से

उम्मीद की चिरागा बुझने मत देना
हिम्मत की नाव पे चलता बढ़ता जा
अपनी सफर जारी रख मानव
एक दिन मंजिल खुद दर पे आयेगा

इम्तहान वो ही सफलता है पाता
जो करता है मिहनत लगन से काम
फल कर्मों का देता है वो। विधाता
जिसने दिया है सब्र का इम्तहान

## विश्व शांति और समझ दिवस- 23 फरवरी, 2025

# शांति की संस्कृति एवं समझ को विकसित करने जरूरत



**ललित गर्ग**

एक शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण, विविध संस्कृतियों, धर्मों और क्षेत्रों के बीच सद्भाव, करुणा और सहयोग की स्थायी भावना की अपेक्षा को आकार देने के लिये हर वर्ष विश्व शांति एवं समझ दिवस 23 फरवरी को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह अवसर मानवीय सेवा, शांति और सद्भावना के प्रतीक रोटरी इंटरनेशनल की संस्थापक बैठक से जुड़ा है, जो एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया को बढ़ावा देने के लिए दुनिया में सामूहिक जिम्मेदारी का एक मार्मिक अनुस्मारक एवं महा अनुष्ठान है। साल 2025 में इस दिवस का उद्देश्य दुनियाभर में शांति और समझ को बढ़ावा देते हुए शांति की संस्कृति का विकास करना है। यह विषय एक ऐसी दुनिया की दिशा में सक्रिय रूप से काम करने के महत्व पर जोर देता है जहाँ शांति की समझ केवल एक आकांक्षा नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन, व्यवहार और बातचीत का एक हिस्सा हो। यह दुनिया में संघर्ष को रोकने के लिए विभिन्न संस्कृतियों और दृष्टिकोणों के लिए सहानुभूति और सम्मान को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है एवं शांति की संस्कृति को विकसित करने के लिए व्यक्तियों, समुदायों और राष्ट्रों से सामूहिक प्रयास की आवश्यकता को उजागर करता है। दुनिया में प्रेम-भाईचारा और शांति को बनाए रखना एवं हिंसारहित दुनिया निर्मित करना भी इस दिवस का ध्येय है।

रोटरी इंटरनेशनल की यात्रा 1905 में पॉल पी. हैरिस के साथ शुरू हुई, जिन्होंने राजनीति और धर्म की सीमाओं से परे विभिन्न पृष्ठभूमि के पेशेवरों को शामिल करते हुए एक भाईचारे एवं बंधुत्व भावना की कल्पना की थी। यह दृष्टिकोण पहले रोटरी क्लब में साकार हुआ, जिसे आधिकारिक तौर पर 1908 में शामिल किया गया था, जिससे एक ऐसे आंदोलन की शुरूआत हुई जिसने अंततः एक वैश्विक आयाम ग्रहण किया। पहले प्रमुख अमेरिकी शहरों और बाद में दुनियाभर में रोटरी क्लबों की स्थापना ने 1925 तक रोटरी इंटरनेशनल के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की, आज, 200 से अधिक देशों और भौगोलिक क्षेत्रों में फैले 46,000 से अधिक क्लबों में 1.4 मिलियन से अधिक सदस्यों के साथ, रोटरी इंटरनेशनल मानवीय सेवा में वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है।

आज जबकि पूरी दुनिया युद्ध, हिंसा, आतंक एवं क्रूरता से त्रस्त है, इन जटिल एवं विषम परिस्थितियों में दुनिया में शांति की समझ पैदा करना पूरी मानव जाति का कर्तव्य है। समाज में समझ से ही शांति स्थापित की जा सकती है। इसके लिए सामूहिक प्रयास करने की आवशतकता है। इसके विपरीत यदि, पूरी दुनिया के लोग एक दूसरे को घृणा, द्वेष और नफरत की दृष्टि से देखेंगे तो उसका परिणाम युद्ध औ? विनाश के रूप में सामने आएगा। संघर्ष, अविश्वास, गलतफहमी और विद्रोह समाज को बांटता है और उसे एक अन्नत संघर्ष की खाई में धकेल देता है। अविश्वास, अहंकार एवं महत्वाकांक्षाएं समाज को गलतफहमी, विद्रोह, लड़ाई और संघर्ष की ओर ले जाती है। इसलिए समाज में विश्वास और शांति स्थापित करने के लिए सभी मनुष्यों को एक दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी के रूप में कार्य करना होगा। यह दिवस दुनिया की सबसे गंभीर चुनौतियों से निपटने में सामूहिक कार्रवाई की शक्ति की याद दिलाता है। यह हमें अपने मतभेदों से परे देखने और सभी के लिए शांति, समृद्धि और कल्याण के सामान्य लक्ष्यों की दिशा में मिलकर काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। सामुदायिक सेवा, अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नैतिक मानकों को बढ़ावा देने के माध्यम से, विश्व शांति और समझ दिवस स्थायी शांति प्राप्त करने में सद्भावना के महत्व को रेखांकित करता है।



मनुष्य, पशु, पक्षी, कीड़े, मकोड़े आदि सभी जीना चाहते हैं। कोई मरने की इच्छा नहीं रखता। जब कोई मृत्यु चाहता ही नहीं, तो उस पर उसको थोपना कहां का न्याय है। शांति, सहजीवन एवं अहिंसा में विश्वास रखने वाले लोग किसी प्राणी को सताते नहीं, मारते नहीं, मर्माहत करते नहीं, बल्कि एक दूसरे का सहयोग करते हुए एक उन्नत दुनिया का निर्माण करते हैं। शांति की समझ है स्वयं के साथ सम्पूर्ण मानवता को ऊपर उठाने में, आत्मपतन से बचने में और उससे किसी को बचाने में। अशांति अंधेरा है और शांति उजाला है। आंखें बंद करके अंधेरे को नहीं देखा जा सकता। इसी प्रकार अशांति से शांति को नहीं देखा जा सकता। शांति को देखने के लिए आंखों में अहिंसा, करूणा एवं प्रेम का उजाला आंजने की अपेक्षा है। पृथ्वी, आकाश व सागर सभी अशांत हैं। स्वार्थ और घृणा ने मानव समाज को विखंडित कर दिया है। यूँ तो ह्यविश्व शांतिह्र का संदेश हर युग और हर दौर में दिया गया है, लेकिन विश्व युद्ध की संभावनाओं के बीच इसकी आज अधिक प्रासंगिकता है। अपनों का साथ स्वर्ग है तो शत्रुओं का साथ नरक। प्रेम व मित्रता की ओर बढ़ना, स्वर्ग की ओर बढ़ना है। वैर व घृणा की ओर कदम बढ़ाना अपने नरक को खड़ा करना है। स्वर्ग में रहना है या फिर नरक में, ये चुनाव हमारा अपना है। लेकिन इस दृष्टि से यह विश्व शांति और समझ दिवस अधिक प्रासंगिक है और हमारी शांति की समझ को व्यापक बनाता है।

इजराइल और हमास में युद्ध विराम समझौते के बाद दुनिया चाहती है कि रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भी समाप्त हो, यह शांतिपूर्ण उन्नत विश्व संरचना के लिये नितांत अपेक्षित है। क्योंकि ऐसे युद्धों से युद्धरत देश ही नहीं, समूची दुनिया पीड़ित, परेशान एवं प्रभावित होती है। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने देता है। ऐसे युद्धों में वैसे तो जीत किसी की भी नहीं होती, फिर भी इन युद्धों का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देता, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने के साथ बड़ी जनहानि का भी बड़ा कारण बनता है। इसी तरह अनेक राष्ट्र आतंकवाद से त्रस्त है। इन विकट एवं विकराल होती स्थितियों के बीच इस साल विश्व शांति और समझ दिवस की 118वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। इन वर्षों के दौरान पूरी दुनिया ने विश्व शांति और सद्भावना को लेकर लंबा रास्ता तया किया है। वहीं दुनिया भर के लोगों में सद्भावना, शांति और समझ विकसित करने के लिए अभी और लंबा रास्ता तय करना है। रोटरी क्लब अपने सदस्यों को, स्थानीय क्लबों के स्तर पर किए गए कार्यों से, स्थानीय और विश्व समुदाय की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसका ध्येय है- सत्य, न्याय, लोगों के बीच संबंधों में सुधार और विश्व शांति। उम्मीद है कि इसका नतीजा युद्धों के अंत के रूप में सामने आएगा।

आज कई लोगों का मानना है कि विश्व शांति को सबसे बड़ा खतरा साम्राज्यवादी आर्थिक और राजनीतिक कुचेष्टाओं से है। विकसित देश युद्ध की स्थिति उत्पन्न करते हैं, ताकि उनके सैन्य साजो-समान बिक सकें। यह एक ऐसा कड़वा सच है, जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता। आज सैन्य साजो-सामान उद्योग विश्व में बड़े उद्योग के तौर पर उभरा है। हिंसा, आतंक एवं अशांति विश्व की ज्वलन्त समस्याएं हैं। अहिंसा, करूणा एवं शांति ही इन समस्याओं का समाधान है। अहिंसा सव्वभूयखेमंकरी-विश्व के समस्त प्राणियों का कल्याण करने वाली तेजोमयी अहिंसा की ज्योति पर जो राख आ गई, उसे दूर करने के लिए तथा अहिंसा की शक्ति पर लगे जंग को उतार कर उसकी धार को तेज करने के लिए अहिंसक एवं शांतिपूर्ण समाज रचना की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया में विश्वशांति एवं अहिंसा की स्थापना के लिये प्रयत्नशील है, समूची दुनिया भारत की ओर आशाभरी नजरों से देख रही है कि एक बार फिर शांति एवं अहिंसा का उजाला भारत करें। कुछ लोग कह सकते है-एक दिन विश्व शांति और समझ दिवस मना भी लिया तो क्या हुआ? लेकिन ऐसे दिवस की बहुत सार्थकता है, उपयोगिता है, इससे अंतर-वृत्तियां उद्बुद्ध होंगी, अंतरमन से शांति की समझ को अपनाने की आवाज उठेगी और हिंसा, अशांति, तनाव एवं में लिप्त मानवीय वृत्तियों में शांति की समझ आएगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# हाईकोर्ट ने ढेर किए कुख्यात के इरादे

वेलकम इंडिया




- फर्जी दस्तावेज एवं रसीदों के आधार पर प्रबंधक बनने के मामले में कोर्ट ने लगाई स्टे
- सोसायटी से बने ट्रस्ट को ही कोर्ट ने माना सही

**मथुरा।** जवाहर इंटर कॉलेज ओल पर कब्जा जमाने को लेकर हाईकोर्ट ने कुख्यात के इरादे को ढेर कर दिया है।पीड़ित के द्वारा हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और विद्वान न्यायाधीश ने तथ्यों के आधार पर फर्जी दस्तावेजों से रिनुअल हुई सोसाइटी पर रोक लगाने के आदेश दे दिए।और वर्तमान में संचालित ट्रस्ट को ही सही माना।जवाहर इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरिओम सिंह ने बताया दिनेश कुमार, रामगोपाल,मुकेश व कुछ अन्य अपराधिक किस्म के लोगों ने विद्यालय को हड़पने की नीयत से एक जैसी नंबर की फर्जी सदस्यता रसीदों के आधार केनरा बैंक में मैनेजर की मिली भगत से सोसाइटी का फर्जी अकाउंट नंबर खुलवाया और सोसाइटी फर्म एवं चिट्स कार्यालय के सब रजिस्टार विपुल कुमार से सांठगांठ कर 2017 में बंद सोसाइटी को रिनुअल कर दिया।2016 के शासनादेश के बाद सोसाइटी ट्रस्ट में परिवर्तित हो गई है थी जिसकी सूचना संबंधित कार्यालय में समय से दर्ज करा दी गई थी।उसी को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर रिनुअल करा लिया।जिसकी उच्च अधिकारियों शिकायत भी की गई और न्यायलय में न्याय की गुहार लगाई गई थी।जिसकी मंडल स्तरीय तीन सदस्यीय टीम के द्वारा जांच की गई।उसी आधार पर हाईकोर्ट ने फर्जी दस्तावेजों पर रोक लगा दी गई और कार्रवाई के निर्देश भी दिए थे।

ये है मामला

23 अक्टूबर 2005 को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने ही पिता गिरवर सिंह से प्रबंधक पद हड़पने को लेकर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज जुटाने के मामले में पिता प्रबंधक गिरवर सिंह द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर गई थी जिसमें अधिकारी द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया गया था।गिरवर सिंह ने बताया 2005 में कालातीत घोषित होने पर विभाग द्वारा चुनाव संपन्न कर गया था।और विद्या प्रचारिणी सभा की प्रबंधन समिति द्वारा 2008 में फर्जी तरीके से शिकायत करने वाले लोगों पर संस्था की छवि धूमल करने के मामले में शिकायत कताओं की सदस्यता समाप्त कर दी गई थी।इसी खिसियाहट को लेकर दिनेश कुमार,रामगोपाल,मुकेश कुमार व कुछ अन्य लोग मिलकर संस्था के खिलाफ षड्यंत्र रचते रहते हैं।जिनको अधिकारियों द्वारा बेबुनियाद साबित कर दिया जाता है।

## पुलिस अधीक्षक ने थाना समाधान दिवस पर सुनी जनता की समस्याएं

**संतकबीरनगर।** शनिवार को पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने थाना बेलहरकला पर आयोजित थाना समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया।फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिया गया।थाना समाधान दिवस की शिकायतों को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में आये लोगों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना जाए तथा स्थलीय निरीक्षण करके समस्या का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।थाना समाधान दिवस पर पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया गया कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके।

# बच्चों को स्कूल हर दिन भेजें : जफीर अली



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश एवं खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष कुमार सिंह की मौजूदगी में कंपोजिट विद्यालय सेमरियावां में शारदा संगोष्ठी वार्षिकोत्सव एवं सुलेख प्रतियोगित का आयोजन किया।विद्यालय के 150 से अधिक प्राथमिक एवं जुनियर स्तर के बच्चों प्रतियोगिता में भाग लिया।प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्राओं को नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

अभिभावकों के बीच बच्चे इनाम पाकर काफी खुश नजर आए।

इस मौके पर विद्यालय में अस्सी प्रतिशत से अधिक उपस्थित वाले एवं कक्षा के मेधावी छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत कर प्रशंसा की गई।

नोडल संकुल शिक्षक जफीर अली ने अभिभावकों को संबोधित कर जागरूक किया। इस अवसर मुबारक हुसैन, शमा अजीज खान, खुर्शीद जहां,सरवरी खातून,किरण चौधरी, तय्यबा खातून,कम्मू बेगम महेंद्र चौरसिया आदि मौजूद रहे।

### ये छात्र छात्राएं हुईं सुलेख में पुरस्कृत

शमा अजीज खान ने बताया कि सुलेख प्रतियोगिता में आकांक्षा,खुशबू,प्रियंका,प्रतिज्ञा, नेहा कुमारी,रीता कुमारी, कहकशां,राम करन,प्रीति गुप्ता,कुसुम,आरिफ ,आमीन, वेदिशा,दिलशाद और कृष्ण कुमार ने क्रमश: प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।इसी प्रकार नियमित विद्यालय आने वाले और कक्षा टॉपर बच्चों को पुरस्कार देकर हौसला बढ़ाया गया।सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया गया।

# हैप्पी ऑल के छात्र छात्राओं ने बुनियाद एग्जाम को टॉप कर लहराया परचम

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** लोहरौली बाजार स्थिति हैप्पी ऑल पब्लिक के छात्र छात्राओं ने बुनियाद टैलेंट सर्च एग्जाम 2025 को टॉप कर एक बार पुनः स्कूल, टीचर्स तथा अपने अभिभावकों का नाम रौशन कर क्षेत्र को गौरवान्वित करने का कार्य किया है।

विदित हो कि विगत 9 फरवरी को पूर्वांचल की प्रतिष्ठित परीक्षा बुनियाद टैलेंट सर्च एग्जाम 2025 जो कि नीट जेईई आईआईटी के पाठ्यक्रम पर आधारित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है का आयोजन हुआ था। जिसका रिजल्ट 16 फरवरी 2025 को घोषित हुआ इस परीक्षा में हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल के जूनियर कैटिगरी के 44 बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें 22 बच्चे सिलेक्ट होकर बुनियाद टैलेंट सर्च एग्जाम 2025 को टॉप कर 50 प्रतिशत का रिजल्ट देने में सफल रहे।

इस परीक्षा में 100 स्कूलों के लगभग 1050 बच्चे सम्मिलित हुए थे जिसमें जूनियर के बच्चों की संख्या अधिक होने के कारण इस कैटिगरी में जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली और इसी कैटिगरी में बच्चों तथा टीचर्स के जोरदार प्रदर्शन से हैप्पी ऑल पब्लिक स्कूल लोहरौली एक बार पुनः अभिभावकों एवं क्षेत्र के लोगों का विश्वास जीतने में सफल रहा। इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर मकसूद अहमद ने सभी बच्चों एवं टीचर्स को बधाई देकर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 10,000 रुपये के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षकसत्यजीत गुप्ता के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में शनिवार को थानाध्यक्ष दुधारा इन्द्रभूषण सिंह के नेतृत्व मे उ0नि0 अभय कुमार पाण्डेय, का0 नवतेज सिह, हे0 का0 दिनेश यादव ने मु0अ0सं0 717/2024 धारा 2(बी)(1)/3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली खलीलबाद से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजीत वर्मा पुत्र बाले वर्मा निवासी उसका राजा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को भिटवा पुलिया के पास से विधिक नियमों का पालन करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

# मतदाता जागरूकता व सड़क सुरक्षा रैली निकाल छात्रों ने दिया संदेश

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज, मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें और छठे दिन छात्रों ने विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

पांचवें दिन, शिविर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें छात्रों ने आम नागरिकों को मतदान के महत्व से अवगत कराया और लोकतंत्र में भागीदारी को लेकर प्रेरित किया। वहीं, छठे दिन सड़क सुरक्षा रैली आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने हेलमेट, सीट बेल्ट के उपयोग और यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया।

इसके अलावा, विद्यार्थियों ने ब्रज के प्रसिद्ध चिंताहरण महादेव मंदिर और विश्वविख्यात कवि रसखान की समाधि का भ्रमण किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, जिसमें छात्रों ने न केवल परिसर की सफाई की बल्कि पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को भी स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। छात्रों ने ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा बनाई गई रसखान और ताज बीबी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का अवलोकन किया, जिससे उन्हें ब्रज की सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहर के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

शिविर के शाम के सत्रों में महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा छात्रों को संविधान, न्याय, तर्कशक्ति, समसामयिक विषयों, सॉफ्ट स्किल्स और इंटरव्यू तकनीकों की जानकारी दी गई, जिससे उनके बौद्धिक विकास को नई दिशा मिली।

शिविर में छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर भोजन तैयार किया और एक साथ भोजन कर सामूहिकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ललित मोहन शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, ₹इस शिविर के माध्यम से आप जो अनुशासन और टीम वर्क सीख रहे हैं, वह आपके पूरे जीवन में काम आएगा।

इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी श्री शांतनु, मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश शर्मा, डॉ. बी.पी. राय, डॉ. बी.के. गोस्वामी, डॉ. यू.के. त्रिपाठी, डॉ. आनंद त्रिपाठी, डॉ. चंचल शर्मा, डॉ. सतेंद्र त्रिपाठी, चंद्रेश अग्रवाल, डॉ. रेखा राय, डॉ. अनु गर्ग और डॉ. प्रकृति उपाध्याय** ने छात्रों का मार्गदर्शन किया और उनकी सहभागिता की सराहना की।

शिविर के इन महत्वपूर्ण आयोजनों ने छात्रों को समाजसेवा, नेतृत्व और सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का कार्य किया, जिससे वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

# रात के अंधेरे में बकरियों के चारे के लिए गूलर के पेड़ों को साफ कर रहे हैं चोर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** एक जमाने में जब अकाल पड़ जाता था तब लोग पशुओं के चारे के लिए रात के अंधेरे में पेड़ों के पत्तों को काट ले जाते थे और किसान अपने पेड़ों को बचाने के लिए रात भर जाग कर खेतों पर उनकी रखवाली करते थे। अब अकाल भले न हो लेकिन रातों को बकरियों के चारे के लिए चारे चोरों के हौसले बुलंद हैं। बकरियों के लिए गूलर का चारा सबसे पौष्टिक माना जाता है इसलिए चारा चोरों का निशाना आजकल गूलर के पेड़ बन रहे हैं। इसके लिए चारा चोर दिन में गूलर के पेड़ों की रेकी करते हैं और रात के अंधेरे में ये सक्रिय हो जाते हैं और पूरी तैयारी से जाते हैं। पेड़ की पत्तियों को काटने से पहले ये देशी शराब पीते हैं, देशी शराब के खाली पाउच और पानी की थैलियों को देखने से लगता है कि इनकी संख्या पांच छै से कम नहीं होती। जिस अंदाज में ये पेड़ों को साफ कर रहे हैं उससे एक बात साफ है कि चोर बेखौफ हैं और विरोध करने पर ये किसानों को मारने से नहीं हटेंगे और कोई बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। गढ़सौली के किसान रंजीत सिंह, रतन सिंह पहलवान के खेतों पर खड़े गूलर के पेड़ों को चोरों ने चार दिन के अंतर से साफ कर पूरी तरह ठूंठ बना दिया है और गेहूं की फसल को बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाया है। क्षेत्र के किसानों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात में हो रही इस तरह की घटनाओं को रोका जाए।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती वर्ष के पर संगोष्ठी

वेलकम इंडिया



**धौलपुर।** राजकीय विधि महाविद्यालय धौलपुर में अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्प अर्पित कर ? किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य चंद शेखर दीक्षित ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में अनेक वीर वीर-वीरांगनाओं ने जन्म लिया, जिनमे से अहिल्याबाई होलकर एक है।

उन्होंने अपने जीवन काल में कई मंदिर और बाबडी और कुओं का निर्माण कार्य कराया।महारानी अहिल्याबाई होल्कर ऐसी ही एक तेजस्विनी व महिमामयी नारी थीं इसलिए आज 300 वी जन्म जयंती पर उन्हें याद किया जा रहा है।

वहीं प्रौफेसर मोहन जायसवाल ने बताया कि अहिल्या बाई होलकर एक न्याय प्रिय शासक थी उन्होंने अपने शासन काल मे बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम, जगन्नाथ पुरी, द्वारका, पैठण, महेश्वर, वृंदावन, लोकमाता होल्कर ने भारतीय संस्कृति के कीर्ति-ध्वजा को तो दशों-दिशाओं में फहराया ही, हिंदू परंपराओं एवं मान्यताओं के अनुकूल आदर्श शासन एवं राज-व्यवस्था की भी स्थापना की। उनका जीवन और शासन लोक-कल्याण को समर्पित था। इस दौरान महाविद्यालय विद्यार्थी कल्पना, सुमन, नीतू कुमारी, शिवानी शर्मा, धीरेंद्र कुशवाह, अन्नू मीना, निजाम, अनिल, मिनेश इत्यादि उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने किया गौशाला का निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** नवागत खंड विकास अधिकारी गिरीश पंत ने शनिवार को गांव पेंठा में स्थित बृहद गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। विदित हो कि अभी कुछ दिनों पूर्व जिलाधिकारी ने भी यहां का निरीक्षण किया था। बीडीओ ने बताया डीएम ने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने साफ सफाई व खरंजा निर्माण के आदेश दिए थे। निरीक्षण में पाया कैमरे लगवाए जा चुके हैं, साफ सफाई हो रही है। खरंजा रह गया है। बीडीओ ने गायों के खाने-पीने साफ सफाई आदि व्यवस्थाओं को चैक कर गौ वंशों को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो के निर्देश अधीनस्थों को दिए। वहीं जल्द खरंजा लगवाए जाने के निर्देश भी दिए हैं।

# केन्द्र सरकार ने सर्व समावेशी बजट पेश करके हर वर्ग का दिल जीता : गौरव भाटिया

वेलकम इंडिया




**हरियाणा/हिसार।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को सर्व समावेशी व हर वर्ग का हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि बजट के बाद हर वर्ग ने इसे अपना मानकर स्वागत किया है और देश की तरक्की वाला बताया है।

गौरव भाटिया शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां केन्द्रीय बजट 2025-26 पर उद्योगपति, व्यापारी व प्रबुद्धजन सम्मेलन में मुख्य वक्ता के तौर पर आए थे। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने जब बजट पेश किया तो देश हर वर्ग ने इसे गले लगाया और हर नागरिक की छाती 56 इंच की हो गई। इस बजट में जहां सरकार ने हर वर्ग के लिए बड़े-बड़े प्रावधान किए हैं वहीं देश की विकास दर भी बढ़ी है और इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के लिए काम किया गया है। इसके साथ ही सरकार ने देश पर कर्ज चढ़ने पर रोक लगाई है।

उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा बजट में किए गए प्रावधानों के फलस्वरूप देश का हर नागरिक स्वेच्छा से टैक्स देना चाहता है क्योंकि वो जानता है कि उसके द्वारा दिया गया टैक्स देश के नवनिर्माण में सहयोग देगा। इससे पहले कांग्रेस शासन में भरा गया टैक्स केवल एक परिवार व उसके चहेतों की जेब में जाता था।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने जो बजट पेश किया है, उसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, यह अकल्पनीय व ड्रीम बजट है। इनकम टैक्स की सीमा 12 लाख तक किए जाने की किसी ने सोचा भी नहीं था। गौरव भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी व ईमानदार सोच की वजह से ऐसा संभव हो पाया है। इस बजट में महिलाओं, गरीबी, एससी, एसटी, ओबीसी सहित हर वर्ग के लिए कोई न कोई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गई है। इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, मनरेगा सहित अन्य योजनाओं के लिए अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। किसानों को बड़ी राहत देते हुए किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को विकसित बनाने का जो संकल्प लिया है, वह इन्हीं नीतियों पर चलकर संभव है और अमेरिका जैसा देश भी हमारी तरफ देख रहा है। रेखा गुप्ता का सीएम बनना हरियाणा के लिए गौरव राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने रेखा गुप्ता को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनाया है। यह हरियाणा के लिए गौरव की बात है और इसके लिए वे हरियाणावासियों को बधाई देते हैं।

उन्होंने कहा कि रेखा गुप्ता व अन्य पार्टीजनों ने दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लंबा संघर्ष किया है। अन्य परियोजनाओं पर काम जारी गौरव भाटिया ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार हर योजना पर कार्य कर रही है।

# भागवताश्रय में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ हुआ युगल सरकार का प्रथम पाटोत्सव

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार/तेहरा रोड़, श्याम तपोवन कॉलोनी स्थित भागवताश्रय में युगल सरकार का प्रथम पाटोत्सव (वार्षिकोत्सव) अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवताचार्य पण्डित विमल कृष्ण पाठक के पावन सानिध्य में अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य युगल सरकार का पंचामृत से अभिषेक किया गया।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भागवताश्रय के संस्थापक अध्यक्ष पण्डित विमल कृष्ण पाठक ने कहा कि हमारे आश्रम की स्थापना का उद्देश्य धर्म व अध्यात्म के अलावा समाज सेवा के भी विभिन्न सेवा प्रकल्प युद्ध स्तर पर संचालित करना है।जिससे जन-जन का कल्याण हो सके।

महोत्सव में पधारे महामंडलेश्वर स्वामी भरत शरण भक्तमाली महाराज व मानव मन्दिर के संस्थापक मनुश्री महाराज ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज दास्यभक्ति के आचार्य हैं।माता जानकी के आशीर्वाद से वे अजर और अमर हैं।उनकी भक्ति करने वाले भक्तों के श्रीहनुमानजी शीघ्र ही सभी कष्ट हर लेते हैं,इसीलिए वे संकटमोचन कहे जाते हैं। काशी विद्वत परिषद् के अध्यक्ष कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज व प्रख्यात साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि भागवताश्रय के संस्थापक पण्डित विमल कृष्ण पाठक महाराज श्रीमद्भागवत, श्रीराम कथा व श्रीशिव महापुराण आदि के सरस प्रवक्ता हैं।इन्होंने धर्म व अध्यात्म की ध्वजा को समूचे देश में फहराकर असंख्य व्यक्तियों को प्रभु भक्ति के मार्ग से जोड़ने का कार्य किया है,वो अति प्रशंसनीय है। महोत्सव में भागवताचार्य राहुल कृष्ण महाराज, पण्डित राजेश कृष्ण शास्त्री, भजन गायक सोनू बाबा, डॉ. राधाकांत शर्मा, शिवांश भाई मिश्र एवं पण्डित केशव पाठक आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।महोत्सव का समापन संत, ब्रजवासी, वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ हुआ।

# पालतू बिल्ली की खरोंच बनी जानलेवा, रैबीज से मासूम की मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** पालतू जानवरों से सावधानी न बरतना एक मासूम को घातक साबित हो गया। दरअसल बरेली के एक मासूम की जान उसी की पालतू बिल्ली की खरोंच के कारण चली गई। गुरुवार को हालत बिगड़ने पर उसे बरेली से लखनऊ के केजीएमयू रेफर किया गया था, जहां जांच में रैबीज की पुष्टि हुई। इलाज के दौरान रात करीब एक बजे बच्चे ने दम तोड़ दिया।

राष्ट्रीय रैबीज नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. मीसम अब्बास के मुताबिक, बच्चे को रैबीज संक्रमण के लक्षण हाइड्रोफोबिया (पानी से डर) और एयरोफोबिया (हवा से डर) दिखाई देने लगे थे। गुरुवार दोपहर तीन बजे गंभीर हालत में उसे लखनऊ रेफर किया गया था। परिजनों के अनुसार, जब वे बच्चे को लेकर लखनऊ जा रहे थे, तब सीतापुर के पास उसकी तबीयत



अचानक बिगड़ने लगी। उसे उल्टियां होने लगीं और वह तेज आवाज में चीखने लगा। पिछले दो दिनों से भूखा होने के कारण वह बेहद कमजोर भी हो गया था। केजीएमयू लखनऊ पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच की, जिसमें रैबीज की पुष्टि हुई। इसके बाद बच्चे को क्वारंटीन किया गया, लेकिन रात में उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत की सूचना स्वास्थ्य विभाग बदायूं को दी गई। आईडीएसपी सेल की टीम ने बिल्सी निवासी परिजनों को एंटी-रैबीज वैक्सीन (एआरवी) लगाई ताकि संक्रमण से बचाव हो सके। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के रेफरल पॉली क्लीनिक के प्रभारी वैज्ञानिक डॉ. अमरपाल के अनुसार, अगर कोई संक्रमित पशु किसी अन्य जानवर को काटता है या उसकी लार के संपर्क में आता है, तो उसमें रैबीज वायरस प्रवेश कर सकता है। संक्रमित पशु जिस जगह बैठता है, वहां अगर घाव के अंश गिर जाएं, तो दूसरे जानवर भी संक्रमित हो सकते हैं। हालांकि, अगर पालतू जानवरों को पहले से टीका लगाया गया है, तो वायरस निष्क्रिय हो जाता है। डॉ. मीसम अब्बास ने बताया कि पालतू जानवरों का नियमित टीकाकरण बेहद जरूरी है। लोग अक्सर खर्च से बचने के लिए यह नहीं कराते, जो खतरनाक साबित हो सकता है। यदि पालतू जानवर काटे या खरोंच लगाए तो 24 घंटे के भीतर एआरवी लगवाएं। यह वैक्सीन सरकारी अस्पतालों में निशुल्क उपलब्ध है। गंभीर रूप से घायल लोगों को रैबीज सीरम लगाई जाती है, लेकिन कई बार अस्पतालों में सीरम की कमी होने पर मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ती है।

# पलक झपकते ही घर से बाहर निकला दो साल का मासूम अचानक हुआ गायब

वेलकम इंडिया

■ परिवार वालों ने अपहरण की आशंका के चलते दर्ज कराई एफआईआर

**बरेली।** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जादोपुर में एक दो वर्षीय मासूम बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट लिखकर बच्चे की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार भोजीपुरा थाना क्षेत्र के जोदापुर निवासी रुकसार पत्नी कामिल ने बताया है कि वह 9 फरवरी को अपने मामा सादिक अली के घर अपने बेटे अब्दुल हादी के साथ आई थीं। गुरुवार को शाम करीब 4 बजे, अब्दुल हादी घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान वह अचानक गायब हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने उसे काफी तलाश किया, लेकिन मासूम बालक का कोई सुराग नहीं मिला। बच्चे के अचानक गायब होने से उसके माता-पिता सदमे में



हैं। परिजनों ने भोजीपुरा थाने में बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने इलाकों में नोटिस चस्पा करा दिए हैं। ताकि मासूम बच्चे का जल्द पता लगाया जा सके।

# कोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक मिलने के कारण बेखौफ होकर दे रहे वारदातो को अंजाम

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** अवैध कब्जा हटाने के नाम पर 60 लाख रुपये वसूलने वाले दबंगों ने पीड़ित पक्ष पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने न केवल जमकर मारपीट की, बल्कि फायरिंग कर इलाके में दहशत भी फैलाई और लूटपाट भी की। इस घटना के बाद पुलिस ने बारादरी थाने में पांच लोगों के खिलाफ दो मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार

बारादरी थाना क्षेत्र के रोहली टोला निवासी आतिर अली की जमीन पर सेमलखेड़ा के कुछ दबंगों ने कब्जा कर रखा था। कब्जा छोड़ने के बदले आरोपियों ने 60 लाख रुपये ऐंठ लिए, लेकिन जमीन फिर भी नहीं छोड़ी। जब आतिर ने इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई, तो आरोपी हाईकोर्ट से स्टे लेकर खुलेआम धमकाने लगे। 19 फरवरी को उन्होंने आतिर और उनके




■ 60 लाख की वसूली करने वाले बदमाशों का बारादारी थाना क्षेत्र में आतंक, फायरिंग और लूटपाट से क्षेत्र में दहशत

परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी।

आतिर अली का आरोप है कि 24 दिसंबर 2024 को आरोपियों ने उनकी जमीन का फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर किसी अन्य व्यक्ति को कब्जा दिला दिया। 19 फरवरी की रात जब आतिर घर लौट रहे थे, तभी उन पर हमला कर दिया गया। इस दौरान बदमाशों ने फायरिंग भी की और उनसे 10 हजार रुपये नकद व चेन लूट ली।

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों पर पहले से ही सात केस दर्ज हैं, जिनमें से चार मामलों में वे वांछित चल रहे हैं। बावजूद इसके, हाईकोर्ट से गिरफ्तारी पर रोक मिलने के कारण वे बेखौफ होकर वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दी शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा का वार्षिकोत्सव समारोह 25 फरवरी को

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावा के दुधारा स्थित दी शान सेंट्रल एकेडमी दुधारा का वार्षिकोत्सव समारोह 25 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से होगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रबंध निदेशक वसी अहमद खान ने देते हुए बताया कि रत्नसेन पीजी कालेज बांसी के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. डा. शरीफुद्दीन बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। इस दौरान एपीएन पीजी




कॉलेज बस्ती के पूर्व प्राचार्य डा. डीके अस्थाना, एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के प्रधानाचार्य मुनीर आलम, नेशनल इंटर कॉलेज मूड़ाडीहा बेग के प्रधानाचार्य मुजीबुल्लाह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मुहम्मद अहमद कार्यक्रम को सम्बोधित करेंगे।

# निलंबित चकबंदी लेखपाल सावन कुमार के गैंग पर अब रंगदारी मांगने का आरोप, मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** निलंबित चकबंदी लेखपाल सावन कुमार गिरोह के सदस्यों ने जमीन पर कब्जा कर मालिक से 15 लाख रुपये की रंगदारी वसूल ली और दोबारा 50 लाख रुपये की और मांग की। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की। आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर थाना कैंट पुलिस ने 10 नामजद समेत 15 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




बारादरी के पुराना शहर स्थित मोहल्ला कांकरटोला निवासी इमरान खां ने आईजी को दी शिकायत में बताया है कि उन्होंने 2005 में थाना कैंट क्षेत्र में मोहनपुर में जमीन खरीदी थी। उसी समय से वह जमीन पर दाखिल और काबिज चले आ रहे हैं। 2020 में चकबंदी लेखपाल सावन कुमार की क्षेत्र में तैनाती हो गई। सावन कुमार और उसके गैंग के सदस्य ठिरिया निजावत खां के इलियास खां, इदरीश खां, इसरार खां, शमशेर खां, शमशाद खां, मोबिन खां, शाइस्ता, रईस मियां, नईम खां, नदीम खां और पांच अज्ञात लोग उन पर जमीन बेचने का दबाव बनाने लगे। मना करने पर सावन कुमार और उसके गैंग के लोगों ने जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लिया।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों से शिकायत की तो थाना कैंट में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद थाना कैंट पुलिस ने सावन कुमार के गैंग से जमीन को राजस्व टीम की मदद से कब्जा मुक्त कराया और वह अपनी जमीन पर दोबारा से काबिज हो गए। कुछ दिनों पहले सावन कुमार गैंग के लोग उनकी जमीन पर आकर गुंडागर्दी करने लगे और डरा धमका कर 15 लाख रुपये की रंगदारी वसूल कर ली। आरोपी अब भी उनका पीछा नहीं छोड़ रहे हैं। 16 फरवरी को शाम करीब 5 बजे सभी जमीन पर आए और उन्हें लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया, उनका गला दबाया और नाल मुंह में डाल कर तमंचा चला दिया लेकिन फायर मिस हो गया। वह किसी तरह छूटकर भागे तो आरोपियों ने दूसरा फायर कर दिया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए 50 लाख रुपये की और रंगदारी मांगी है।

# बेटे की शादी के नाम पर तीन लाख की ठगी

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** शादी के नाम पर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसमें दो आरोपियों ने एक महिला से तीन लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़िता ने पुलिस बताया है कि उनके बेटे प्रकाश की शादी तय कराने के नाम पर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सुभाषनगर के गणेशनगर निवासी किरन देवी पत्नी ध्यानपाल के अनुसार बदायूं निवासी मुनेन्द्र सिंह और बरेली निवासी नेत्रपाल नाम के दो व्यक्तियों ने उनके बेटे की शादी भागलपुर, बिहार की लड़की रश्मि से तय कराने का दावा किया। इसके तहत उन्होंने महिला से दो लाख रुपये नकद, 50,000 रुपये के गहने और 50,000 रुपये के कीमती कपड़े ले लिए। जब 25 जनवरी को पीड़िता और उनका बेटा भागलपुर पहुंचे, तो वहां एक मंदिर में केवल सिंदूर डालने की रस्म करवा कर इसे शादी घोषित कर दिया गया। आरोपियों ने पूरी रकम और गहने हड़प लिए और पीड़िता को एक कमरे में बंद कर दिया। अगले दिन जब पीड़िता और उनके बेटे ने बाहर निकलने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की और धमकी दी कि यदि उन्होंने किसी को कुछ बताया तो जान से मार देंगे। किसी तरह जान बचाकर मां-बेटे बरेली लौटे और पुलिस से शिकायत की। पीड़िता ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, यूपी और बिहार के एडीजी समेत कई उच्च अधिकारियों को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। शिकायत के आधार पर थाना सुभाषनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि जल्द ही जांच पूरी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने प्रगतिशील किसान के घर पहुंचकर उन्नत विधि से की जाने वाली खेती का लिया जायजा



**संतकबीरनगर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात उत्तर प्रदेश शासन दिनेश प्रताप सिंह ने प्रगतिशील कृषक सुरेन्द्र राय, ग्राम उमिला विकास खंड- सेमरियावां जनपद संत कबीर नगर के प्रक्षेत्र का भ्रमण किया गया। माननीय मंत्री जी द्वारा कृषक प्रक्षेत्र पर लगायी गयी फसलों स्क्वैश, बीन्स, मटर, स्ट्रॉबेरी का निरीक्षण किया गया। मंत्री जी द्वारा उन्नत विधि से की जाने वाली खेती हेतु सुरेंद्र राय की प्रशंसा की गयी तथा उद्यान विभाग के कार्यक्रमों के बारे में कृषकों को अवगत कराया गया। मंत्री जी द्वारा अधिक से अधिक कृषकों को औद्यानिक फसलों के खेती से जुड़ने हेतु प्रोत्साहित किया गया। सूचना कार्यालय द्वारा प्रसारित।

# कमिश्नर की टीम ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, मिली तमाम खामियां



वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा के लिए कमिश्नर के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने बरेली जिला अस्पताल का शनिवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल में तमाम खामियां उजागर हुईं, जिनमें मरीजों को मिलने वाली सेवाओं में लापरवाही, दवाओं की अनुपलब्धता और स्वच्छता संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से शामिल रहीं। मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल रहा था, कई वार्डों में डॉक्टर व स्टाफ की अनुपस्थिति पाई गई। अस्पताल में आवश्यक जीवनरक्षक दवाओं की कमी देखी गई, जिससे मरीजों को बाहर से दवा खरीदनी पड़ रही थी। वहीं शौचालयों की साफ-सफाई बेहद खराब थी, वार्डों में भी गंदगी फैली हुई थी। अस्पताल आए मरीजों ने लंबी कतारों, पर्ची बनाने में देरी और डॉक्टरों की लापरवाही की शिकायत की। निरीक्षण के बाद कमिश्नर ने अस्पताल प्रशासन को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि सुधार नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अस्पताल की सेवाओं को नियमित रूप से मॉनिटर करने के आदेश भी दिए गए।

# सेंट मीरास इंटर कॉलेज में विज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन

वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ हिंद नगर स्थित सेंट मीरास इंटर कॉलेज में शनिवार को 22 फरवरी 2025 को एक विशेष विज्ञान और शिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन एलपीएस राजाजीपुरम ब्रांच के प्रिंसिपल ज्ञानेंद्र कुमार ने किया। ज्ञानेंद्र कुमार को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न विज्ञान और शिल्प से संबंधित मॉडल और प्रदर्शनियाँ प्रदर्शित की गईं। इनमें रोबोटिक वैक्यूम क्लीनर, स्मार्ट ग्लास, एक्सीड रेन वर्किंग मॉडल, टेंशन फ्री हाउस, वायरलेस पावर ट्रांसफर, डोर सिक्योरिटी अलार्म, हार्ट वर्किंग मॉडल, ह्यूमन डाइजेस्टिव सिस्टम, पॉल्यूशन वर्किंग मॉडल, डैम, वाटर प्यूरिफिकेशन, वोल्केनो,



चंद्रयान, हाइड्रोलिक ब्रिज, कैंडी वेंडिंग मशीन, और विलेज साइंस जैसे विभिन्न विषयों पर आधारित प्रदर्शनियाँ शामिल थीं।

सेंट मीरास इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनोद रातड़ा ने बताया की 9इँ और 11इँ के बच्चों ने पहले रोबोट बनाया बच्चे बराबर मेहनत करते चले आ रहे हैं। स्कूल की डायरेक्टर रिद्धिमा रातड़ा ने पार्टिसिपेट किए बच्चों को बधाई दी।

लखनऊ पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने भी इस अवसर पर छात्रों को संबोधित किया और उनकी प्रदर्शनियों की प्रशंसा की। उन्होंने छात्रों को विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्रों को विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रचनात्मकता और नवाचार को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। यह प्रदर्शनी विद्यालय के छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव था जिसने उन्हें विज्ञान और शिल्प के क्षेत्र में अपनी रुचि और ज्ञान को बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

# बरेली की दानिया खान ने मंदिर में की शादी, कहा- अपनी मर्जी से बनी हिंदू

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** 'मेरा नाम दानिया खान है, मैं बालिग हूं, मुझे हिंदू धर्म अच्छा लगता है और मैंने अपनी मर्जी से इसे स्वीकार किया है, मैंने अपनी मर्जी से ही मंदिर में जाकर शादी की है। पापा, गुमशुदगी की रिपोर्ट वापस ले लीजिए, हम लोगों को परेशान मत कीजिए। जी हां यही कहना है बरेली की दानिया खान का.........!

आपको बता दें कि बरेली की दानिया 5 फरवरी की रात 8 बजे अपने घर से अचानक लापता हो गईं थी। उनके पिता सुहैन रजा और परिजनों ने दानिया की उसके दोस्तों और रिश्तेदारों के यहां काफी तलाश की। मगर दानिया का कोई सुराग नहीं लगा। हार कर 6 फरवरी को पिता ने प्रेमनगर थाने में दानिया की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज



कराई। जिसके बाद पुलिस ने उसके फोटो बरेली और आसपास के जनपदों को भेजे। इसी बीच दानिया ने एक के बाद एक तीन वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किए।

जिसमें उसने अपनी मर्जी से घर छोड़कर शादी करने और पिता से शिकायत वापस लेने की बात कह रही है। एक अन्य वीडिया में दानिया ने ट्रोल करने वालों को अपना घर देखने की नसीहत भी दी है।




वीडियो वायरल होने के बाद पिता ने प्रेमनगर थाने में अपनी बेटी के अपहरण की तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रेमी के खिलाफ अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस मामले को लेकर प्रेमनगर थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष रघुवंशी ने बताया है कि दानिया के पिता ने पहले गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। जिसे अब अपहरण की धाराओं में बदल दिया गया है। पुलिस की दो टीमें दानिया और उसके प्रेमी की तलाश कर रही हैं।

## दानिया ने सोशल मीडिया पर अपलोड किए तीन वीडियो

### पहला वीडियो

दानिया ने पहला वीडियो जारी किया। इसमें वह मांग में सिंदूर और माथे पर तिलक लगाए नजर आ रही हैं। उसने कहा- मेरा नाम दानिया खान है। मैं बालिग हूं, मेरी उम्र 20 साल है और मैं बरेली के प्रेमनगर की निवासी हूं। मेरे पापा का नाम सुहैन रजा है। मैं आप सबसे रिक्वेस्ट करती हूं कि कृपया पुलिस केस वापस ले लें और हमें परेशान न करें। मैं अपनी मर्जी से गई हूं। 5 फरवरी की रात 8 बजे मैं अपनी इच्छा से घर छोड़ा था। पापा, कृपया गुमशुदगी की रिपोर्ट वापस ले लीजिए और हमें परेशान मत कीजिए। यदिमेरी जान को कोई खतरा होता है, तो उसके लिए केवल मेरे पैरेंट्स और वे पुलिसवाले जिम्मेदार होंगे, जो मेरे माता-पिता से मिले हुए हैं। कहा- उसने हिंदू धर्म अपना लिया है और मंदिर में अपने बॉयफ्रेंड से भगवान को साक्षी मानकर शादी कर ली है।

### दूसरा वीडियो

मेरी फैमिली को मत दोष दो दानिया ने दूसरा वीडियो सोशल मीडियो पर जारी किया। इसमें दानिया उन लोगों को जवाब दे रही हैं जो उनके हिंदू धर्म अपनाने पर उनके पैरेंट्स को बुरा भला कह रहे हैं। दानिया ने वीडियो जारी करते हुए कहा– मेरी वजह से मेरी फैमिली पर बात आई है, लेकिन मेरी फैमिली को दोष न दो। गलती मेरी है, न कि मेरे घरवालों की। मेरे माता–पिता ने मेरी बहुत अच्छी परवरिश की है। अगर कुछ कहना है तो मुझे कहो, मेरे घरवालों को इसमें मत घसीटो।

### तीसरा वीडियो

तीसरे वीडियो में भी दानिया ट्रोल करने वालों को जवाब दे रही हैं। दानिया ने ट्रोल करने वालों को जवाब देते हुए कहा– कि हमें ट्रोल मत करो तुम्हारी बहन भागी है क्या ? हम बहुत खुश हैं। दूसरों की जिंदगी में दखल देने से पहले अपने घर को देखो। अपनी बहनों की सुरक्षा करो और दूसरों के मामलों में दखल मत दो।

# ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी पर लगाया रिश्वत मांगने का आरोप

**कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के गांव आल्दी के ग्रामीणों में ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी पर कनेक्शन के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की है। शनिवार को विकासखंड क्षेत्र के गांव आल्दी निवासी सतीश, अनिल, विश्वास, अनुज सहित आदि दर्जनों किसानों ने गांव में ही हंगामा प्रदर्शन किया और शिकायती पत्र जिलाधिकारी एवं ऊर्जा निगम के उच्च अधिकारियों को भेजा। शिकायत कर रहे किसानों का आरोप है कि क्षेत्र के ऊर्जा निगम के उपखंड अधिकारी के यहां किसानों ने अपने नलकूप पर कनेक्शन लेने के लिए आवेदन किया था। ऊर्जा निगम के अवर अभियंता ने निरीक्षण करने के बाद अपनी जांच रिपोर्ट उपखंड अधिकारी को भेज दी थी। किसानों का आरोप है कि लगातार खेंत पर किसान कनेक्शन के लिए उपखंड अधिकारी के समक्ष दर्जनों बार प्रस्तुत हो चुके हैं आरोप है कि उपखंड अधिकारी किसानों से नलकूप पर कनेक्शन करने के लिए रिश्वत की मांग कर रहा है।

# नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण सकुशल संपन्न हुआ

वेलकम इंडिया



**टाण्डा।** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत समेकित शिक्षा के तहत बीआरसी नेकपुर पर आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया।

ब्लॉक भगतपुर-टाण्डा अंतर्गत बीआरसी नेकपुर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस के मार्गदर्शन में समेकित शिक्षा के तहत परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को 18 फरवरी से 22 फरवरी तक प्रशिक्षण दिया गया।जिसका शनिवार को समापन हो गया। प्रशिक्षण के दौरान नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों से अवगत कराया गया।दिव्यांगता के कारण एवं प्रकार पर चर्चा करने के साथ ही नोडल शिक्षकों की विभिन्न शैक्षिक और समर्थ ऐप से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके नोडल शिक्षकों से इसे प्रभावी रूप से विद्यालयों में लागू करने पर जोर देते हुए कहा कि इससे निश्चित रूप से दिव्यांग बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा।इन बच्चों को बेहतर अवसर और समुचित सुविधाएं मिल सकेंगी।उन्होंने कहा कि दिव्यांग और सामान्य बच्चों को एक साथ शिक्षा ग्रहण कराई जाए।

स्पेशल एजुकेटर रूप सिंह,विशाल यादव, नरेंद्र कुमार यादव, गौरी राठौर, बाल्मीकि प्रसाद, मंजू सैनी, एकलव्य पूरी, रुचि सिंघल ने ने स्पष्ट रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया। इससे नोडल शिक्षकों को समेकित शिक्षा की रणनीतियों को बेहतर तरीके से समझने और अपने विद्यालयों में लागू करने में सहायता मिलेगी।

एआरपी सुभाषचंद्र, मोहम्मद अनीस आए सुरेन्द्रपाल सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर डॉक्टर रईस आलम,आकिल चौधरी, मोहम्मद नासिर, विजेंद्र सिंह, शालिनी रस्तोगी, मोहसिन अख्तर,निधु देयोल, शबनम मेराज, अर्चना भटनागर, नाजिया तबस्सुम, शीबा निसार, उज्मा खालिद, कावेरी भटनागर, विश्वेश्वरी, सुम्बुल इस्लाम,सुनीता रानी और इंद्रेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

## बिना अनुमति के जलसा आयोजित करने पर कार्रवाई

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में बिना अनुमति के धार्मिक सभा करने पर पुलिस ने एक दर्जन नामजद एवं दर्जनो लोगों के विरुद्ध बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में मुस्लिम समाज के लोगों ने एक मदरसे में बिना अनुमति के जलसे का आयोजन किया था। मुस्लिम समाज के द्वारा किए गए जलसे का वीडियो सोशल मीडिया पर किसी ने वायरल कर दिया था। वीडियो वायरल होने पर एसडीएम सदर विनय भदोरिया ने मामले में थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे।शनिवार को पुलिस ने बिना अनुमति के धार्मिक सभा करने पर बीएनएस की धारा 126,135 के अंतर्गत एक दर्जन नामजद व दर्जनों लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।मामले में भाजपा नेता विवेक प्रेमी ने एडीजी मेरठ से वार्ता करते हुए बिना अनुमति के धार्मिक सभा करने पर आयोजकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मामले में उपखंड अधिकारी गोपाल सिंह का कहना है कि सभी आरोप निराधार हैं, उन्होंने कोई भी रिश्वत की मांग नहीं की है।

# एनएसएस के विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वच्छता रैली निकालते स्वयंसेवी




वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम फीना और ग्राम अजुपुरा में चल रहा है। विशेष शिविर के पांचवें दिन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी छात्र -छात्राओं ने स्वच्छता रैली निकाली। रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी पीयूष कुमार के नेतृत्व में निकाली गई।रैली में स्वयंसेवी अपने हाथों में स्वच्छता अभियान से संबंधित तख्तियां लेकर चल रहे थे। एनएसएस की सहायक कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिवाली राजपूत और रुक्मणी देवी ने स्वयंसेवियों के साथ ग्राम फीना में घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया।शिविर के द्वितीय सत्र में स्वच्छता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्रबंधक ठाकुर आकाश शास्त्री ने स्वयंसेवियों से महात्मा गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने स्वच्छता के लिए भी कई अभियान चलाएं। अतःस्वयंसेवियों को गांधी जी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अपने भावी भविष्य का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार ने स्वच्छता अभियान की आख्या प्रस्तुत की। गोष्ठी का समापन ₹हम होंगे कामयाब एक दिन₹ गीत के साथ हुआ।

इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार शास्त्री, डा आरपी सिंह, ओमपाल सिंह त्यागी, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, नीशु देवल, शनि चौहान, पिंकी यादव, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, सचिन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर विद्यालय को बनाएं आकर्षक : आशीष सिंह



**संतकबीरनगर।** ब्लॉक के सभी विद्यालयों बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर सभी परिषदीय विद्यालय को आकर्षक एवं सुंदर बनाएं।सभी शिक्षक टीम भावना से काम करें।ब्लॉक को निपुण ब्लॉक बनाएं।विद्यालय में गुणवत्ता युक्त शिक्षा का वातावरण हो। ये बातें खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां में शनिवार को हुई मासिक समीक्षा बैठक में कही। आशीष कुमार सिंह ने इस दौरान सामुदायिक सहभागिता,गुणवत्ता शिक्षा,निर्माण कार्य,प्री प्राइमरी, ई एम आई एस,वित्तीय उपभोग,मध्याह्न भोजन,प्रेरणा पोर्टल,निःशुल्क पुस्तक, यूनिफार्म, कार्यपुस्तिका पोर्टल पर फीडिंग की समीक्षा की गई। इस बैठक में जफीर अली,हिमांशु पांडेय,राम निवास,विनोद चंद,लक्ष्मी नारायण, मो इरफान,आफाक अहमद,मुख्तार आलम,धर्मराज,शमा अजीज ,कविता तिवारी,सुशील शर्मा,आशीष शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# आगामी महाशिवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए डीएम ने प्राचीन शिव मंदिर सवली का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह के द्वारा हापुड़ के प्राचीन शिव मंदिर सबली का औचक निरीक्षण किया गया। जिला अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की आगामी महाशिवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए मंदिर में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त होनी चाहिए उन्होंने कहा कि समय से ही सभी अधिकारीगण अपने दायित्वों का निर्वहन करे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी महाशिवरात्रि के पर्व पर जनपद के शिव मंदिरों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की जाए जिससे महाशिवरात्रि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी क्रम में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिले के अन्य प्राचीन शिव मंदिरों का भी निरीक्षण किया गया जहां पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्लाईवुड कंपनी सुपरवाइजर ने फांसी लगाकर दी जान पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

वेलकम इंडिया

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शाहपुर जट में स्थित एडवांस प्लाईवुड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सुपरवाइजर ने फांसी के फंदे से लटकर की अपने जीवन लीला समाप्त पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतर कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।

आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहपुर जट में स्थित एडवांस प्लाईवुड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हर्ष प्रताप पुत्र छेदीलाल निवासी नागपूरवा थाना श्रेणी जिला रायबरेली सुपरवाइजर के रूप में कर्मचारियों के पद पर तैनात था। जिसका संदिग्ध अवस्था में पंखे से लटका शव मिलने से कर्मचारियों में हड़कंप पहुंच गया।

घटना की सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने दरवाजा खोलकर मृतक युवक के शव को फांसी के फंदे से उतरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करते हुए सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री भूषण त्यागी को राष्ट्रीय सचिव किया मनोनीत



**हापुड़।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के द्वारा पूर्व मंत्री भूषण त्यागी को राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किए जाने के तदोपरांत प्रथम बार सपा जिला कार्यालय हापुड़ आगमन पर 22 फरवरी 2025 को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के द्वारा फूल मालाएं पहनाकर पूर्व मंत्री भूषण त्यागी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इकबाल कुरैशी, संजय सिंह यादव जिला उपाध्यक्ष/ जिला मीडिया प्रभारी, फारूक मलिक जिला उपाध्यक्ष, जयवीर सिंह, उमर, खलील, साहिल, आदिल, हाजी अखलाक, हुसैन, निसार, अहमद, नदीम, आदि लोग मौजूद रहे।

# दिनेश विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया गया भारतः एक दर्शन सांस्कृतिक कार्यक्रम

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** धनौरा स्थित दिनेश विद्यापीठ में भारत की अनेकता में एकता के दर्शन प्रस्तुति के साथ अलग-अलग राज्यों की संस्कृति व सभ्यता के दर्शन विद्यालय छात्र- छात्राओं द्वारा आयोजित कार्यक्रम में की गई। जिसमें समस्त विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक के अलग-अलग प्रांतो की सभ्यता और संस्कृति के दर्शन उनकी आध्यात्मिक, सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक, व्यवसायिक और कलात्मक सभ्यता और संस्कृति की मनोरम अलग-अलग झांकियां के रूप में प्रस्तुति प्रस्तुत की ।

जिसमें भारत का उत्तर प्रदेश जहां हमारे सनातन धर्म और संस्कृति पूर्ण रूप से विकसित हुई। गुजरात का डांडिया और गरबा, पंजाब का गिद्दा, हरियाणा का लोक नृत्य, राजस्थान का कालबेलिया नृत्य, बंगाल की दुर्गा पूजा और अंत में भारत मां के चरणों को पखारता तमिलनाडु (कन्याकुमारी) का भरतनाट्यम और जहां मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम का जन्म स्थान की प्रस्तुति ने सभी अभिभावक को का मन मोह लिया।

सभी अतिथिगण और अभिभावकों ने बच्चों का भारतः एक दर्शन अनेकता में एकता की प्रस्तुति और मिलजुलकर कार्य करने की सराहना की। विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ आकांक्षा त्यागी जी ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाते हुए आगे भविष्य में भी विद्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय अध्यापक व अध्यापिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।कार्यक्रम का समापन देश भक्ति गीत मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर करना हिंदी है हम वतन है हिंदुस्तां हमारा और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीगः दतिया ने बांदा को हराया



वेलकम इंडिया

**झांसी।** चंद्रशेखर आजाद मेमोरियल बुंदेलखंड बास्केटबॉल लीग के तहत आज दतिया और बांदा जनपद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ, जिसमें दतिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

मैच का शुभारंभ पूर्व एथलीट बृजेंद्र राठौर ने किया। इस अवसर पर बुंदेलखंड क्रांति दल के चेयरमैन कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह, प्रिंसिपल शैलजा सिंह, वॉयस प्रिंसिपल सैंड्रा सैमुअल, कीर्ति पटेरिया, वंदना कुशवाहा, करुणा यादव, ज्ञान दुबे, अंजली पटेरिया, राजेंद्र सिंह चौहान और श्रीमती अर्चना प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में मो. नईम मंसूरी, दीप्ति रजक, मयंक कुशवाहा, निशा कुमारी और आयुष तिवारी शामिल रहे। कड़े मुकाबले में दतिया की टीम ने बाजी मारी। दतिया के सार्थक साहू ने सर्वाधिक 17 अंक अर्जित किए, जबकि बांदा की ओर से नैतिक साहू ने 16 अंक बनाए। लक्षित ने सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया । बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तीनों खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

लीग के इस रोमांचक मुकाबले ने दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया और खेल भावना को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

## चेकिंग करने की ऊर्जा निगम की टीम ने लगाया मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** नगर के बाईपास मार्ग पर चेकिंग करने की ऊर्जा निगम की टीम के साथ कांग्रेस नेता ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी ऊर्जा निगम के कर्मचारियों ने थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। ऊर्जा निगम के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर नगर के बिजली घर पर तैनात ऊर्जा निगम के अवर अभियंता शैलेश कुमार यादव एवं टीजीटू अमित कुमार ऊर्जा निगम की टीम के साथ नगर के बाईपास मार्ग पर बिजली चोरी की रोकथाम एवं बकायदारों से वसूली करने के लिए गिए हुए थे। ऊर्जा निगम की टीम का आरोप है कि बाईपास मार्ग निवासी सलीम पर ऊर्जा निगम का हजारों रुपए का बिल बकाया है बिल जमा नहीं करने की स्थिति में ऊर्जा निगम का एक कर्मचारी विद्युत पोल पर सीढ़ी लगाकर कनेक्शन काटने के लिए चढ़ा हुआ था। आरोप है जाहिद नाम का एक व्यक्ति मौके पर पहुंचा और ऊर्जा निगम की टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से डंडा लेकर मारपीट करने लगा।

# रालोद का कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न !

वेलकम इंडिया



**झांसी।** राष्ट्रीय लोकदल संगठन को जिला, ब्लाक तथा बूथ तक ले जाने के लिए राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि हम बुंदेलखंड राज्य का समर्थन करते हैं संगठनात्मक समीक्षा का कार्य कर रहे है, राष्ट्रीय लोकदल की मजबूती एन०डी०ए० की मजबूती है। आगामी पंचायत एवं स्थानीय निकायों के चुनाव को ध्यान में रखते हुये अपने पूराने जनाधार को जोड़ने के लिए राष्ट्रीय लोकदल का संगठन कार्य कर रहा है।

राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह को प्रधानमंत्री ने बड़ी जिम्मेंदारी सौंपी है, उन्हें कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय का स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं शिक्षा राज्यमंत्री का दायित्व दिया जिसके माध्यम से प्रदेश और देश में चौधरी जयन्त सिंह केन्द्र सरकार की योजनाओं को जमीन पर उतरने में लगे हैं। रालोद जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह पिपरा ने कहा राष्ट्रीय लोकदल गठबंधन के सहयोगी दलों से बुन्देखण्ड राज्य बनाने की बात मजबूती से रखेगी।

प्रदेश सचिव अशोक कुमार निरंजन ने कहा राष्ट्रीय 'लोकदल का मानना है कि गांव और किसान को समृद्ध करने के लिए गांव आधारित योजनाओं की श्रृंखला खड़ी करने के लिए कार्य किया जाय यही भारत रत्न चौधरी चरण सिंह का सपना था। कुटीर उद्योग धन्धों को ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करने और नौजवानों को हुनरमन्द बनाने की उनकी हमेशा से कोशिश रही है। वर्तमान केन्द्र सरकार उनके सपनों के अनुसार ग्रामीण विकास और नौजवानों को टेक्निकल रूप से सक्षम बनाने में लगी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार और उ०प्र० के मुख्यमंत्री योगी की सरकार प्रतिबद्ध है। रालोद के बुंदेलखंड संगठन महामंत्री मनोज बुधौलिया ने बताया कि राष्ट्रीय लोकदल बुन्देलखण्ड के सभी जिलों की समीक्षा बैठक 27 फरवरी तक करने का कार्यक्रम तय किया है। इन बैठको में संगठन के विस्तार के लिए ठोस योजनाएं और कार्यक्रम तय किये जायेगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रालोद जिला अध्यक्ष बृजमोहन यादव पिपरा ने की, संचालन महानगर अध्यक्ष रोहित भार्गव एवम जिला प्रवक्ता अनिल मौर्या ने किया।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ बुंदेलखंड अध्यक्ष लियाकत अली, युवा बुंदेलखंड अध्यक्ष नीरज पटेल ,सरदार कुलवंत सिंह खालसा, हैरान सिंह सचेन्द्र सिंह सोनू, देवेन्द्र तिवारी, सदरुल हसन, सुरेन्द्र यादव, विश्वजीत सिंह, मयंक खत्री, दीपेंद्र राजपूत, सौरभ सिंह बुन्देला अनिता खरे, सहित रालोद के सैंकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## थाना समाधान दिवस में पहुंची मात्र एक शिकायत

**कांधला।** थाना प्रांगण में समाधान दिवस का आयोजन किया गया समाधान दिवस में मात्र एक शिकायत पहुंची संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर किसान की समस्या का निस्तारण कराया इस दौरान राजस्व विभाग और पुलिस बल मौजूद रहा। शनिवार को थाना प्रांगण में शासन के दिशा निर्देश पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित किया गया। गांव रसूलपुर गुजरान निवासी किसान रामपाल सिंह ने शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके खेत के निकट चकरौड पर खड़ंजे का निर्माण कराया जा रहा है। आरोप है कि ठेकेदार ने मिट्टी भराव का कार्य करते हुए उसके खेत से खड़ी फसल से मिट्टी उठा ली जिसे हजारों रुपए की फसल बर्बाद हो गई। पीड़ित किसान की शिकायत पर राजस्व विभाग एवं पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसान की समस्या का निस्तारण करते हुए मामले का समाधान कराया।

# मुख्य विकास अधिकारी के तत्वाधान में शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट ने क्षय रोगियों पोषण पोटली वितरण किया

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद हापुड़ के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में क्षय रोग उन्मूलन के तहत शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट ने सराहनीय कदम उठाते हुए। क्षय रोगियो को पोषण पोटली वितरण का आयोजन किया गया। आपको बता दें कि 22 फरवरी 2025 को शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा टीबी मुक्त अभियान को आगे बढ़ाते हुए। कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे 70 क्षय रोगियो को पौष्टिक आहार वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने टीबी रोगियो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। एवं संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा किया जा रहा प्रयास बहुत ही सराहनीय है।

वहीं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने लोगो को क्षय रोगियो को स्वास्थ्य के विषय में समझाया। साथ ही जिला पी 0पी0 एम0 समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि भारत सरकार क्षय रोगियो को निःक्षय पोषण योजना के अंतर्गत प्रति माह एक हजार रुपए क्षय रोगी के बैंक अकाउंट में दिया जा रहा है। पोषण पोटली सहयोग से क्षय रोगियो को बीमारी से जल्द निजात मिलती हैं। इस अवसर पर शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं संस्थापक अजीत सिंह नीरज, मनोज शिशोदिया प्रदीप, संजय, प्रशांत, बिट्टू, रविकांत विश्वकर्मा, शिवदत्त प्रसाद, मदन ओम राय, नानक चंद शर्मा, हशमत अली,आशा सोमानी, प्रीती, मानवी, क्षमा, भारती, रेशमा यादव, प्रियंका, राखी, रजनी, कौशल, बिंदु आदि लोग उपस्थित रहे।

# संसदीय कार्यमंत्री प्रेम चंद्र अग्रवाल के बयान पर भड़के कांग्रेसी पुतला दहन कर जताया विरोध

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** विधानसभा सदन में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद के अमर्यादित बयान पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। कांग्रेसी कार्यकताओं ने बागेश्वर सहित कपकोट में मुख्यमंत्री समेत प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि सत्ता के नशे में भाजपा नेता बेलगाम हो गए हैं।

जिसे कांग्रेस सहन नहीं करेगी।जहाँ बागेश्वर में जिलाध्यक्ष भगवत डसीला के नेतृत्व में कार्यकर्ता शनिवार को एसबीआई तिराहे पर एकत्रित हुए।वही कपकोट में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष दीपक गढ़िया और पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी के नेतृत्व में यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया।जिसके बाद कपकोट में कांग्रेसी कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापनभेजकर उनके इस्तीफे की मांग की। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा के विधायक व नेता बेलगाम हो गए हैं। वह आए दिन अनर्गल बयानबाजी करने के साथ सत्ता की हनक भी लोगों को दिखा रहे हैं। इसकी करतूत किसी से छिपी नहीं है। कहा कि शुक्रवार को भाजपा के संसदीय कार्य मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने सारी मयार्दा तार-तार कर दी है। उन्होंने जो बयान दिया है उससे कांग्रेस आहत हैं। उनका बयान पहाड़ विरोधी है। मंत्री यह भूल गए हैं कि उन्हें जो सत्ता मिली है वह पहाड़ के लोगों की कुबार्नी से ही मिली है। इसके बाद उन्होंने कैबिनेट मंत्री प्रेम चन्द्र अग्रवाल, सीएम व प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया।बागेश्वर में इस मौके पर राजेंद्र परिहार, किशन गिरी, कुंदन गिरी, हरीश त्रिकोटी, जबकि कपकोट में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द बिष्ट,एड चामू सिंह देवली, प्रेम चंद अग्रवाल के बयान पर सवाल संगठन ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन के अध्यक्ष रमेश पांडेय कृषक ने कहा कि पहाड़ की इस बेइज्जती के बाद वर्तमान उत्तराखंड सरकार को एक मिनट के लिए भी बने रहने का अधिकार नहीं बचा है। यदि पहाड़ के प्रति थोड़ा भी सम्मान पीएम नरेंद्र मोदी और जेपी नड्डा में है तो उत्तराखंड सरकार को भंग कर जनता से माफी मांगे। विधायकों से भी पूछा है कि इतनी जघन्य गाली सुनने के बाद भी वह चुप क्यों बैठे हैं।

## दूसरे जिलों में तबादले पर आवास एवं विकास के कर्मचारियों में रोष

**गाजियाबाद।** आवास एवं विकास परिषद में आउटसोर्सिंग पर तैनात कर्मचारियों के तबादले दूसरे जिलों में कर दिए गए। मुख्यालय से तबादला सूची जारी होने के बाद से कर्मचारी रोष में हैं। कर्मचारियों का कहना है कि उनका तबादला नहीं हो सकता। गाजियाबाद में कुछ कंप्यूटर ऑपरेटरों द्वारा वसूली करने और दस्तावेजों का दुरुपयोग करने की आशंका में इन्हें बदलने के लिए मुख्यालय को पत्र लिखा गया था, जिसके बाद यह सूची जारी हुई है। सूची में गाजियाबाद के नौ ऑपरेटर शामिल हैं। सभी का दूसरे जिलों बागपत व मेरठ में तबादला किया गया है, जबकि नियम यह है कि कंपनी उन्हें इधर से उधर भेज सकती है। ऑपरेटरों का कहना है कि वे आउटसोर्सिंग पर हैं। ऐसे में उनका तबादला विभाग नहीं कर सकता। फिलहाल सभी कर्मचारी पूर्व की भांति काम कर रहे हैं। कर्मचारियों ने स्थानीय अधिकारियों से गुहार लगाई है। हालांकि उन्हें अपनी कंपनी में संपर्क करने को कहा गया है।

## सरकारी हुक्मरान चाहे जो भी हो पद पर रहते हुए अचूक संपत्ति कमाने वालो का किया जाएगा पदार्फाश-बनवासी

वेलकम इंडिया

■ जल्द आधिकारिक जानकारी के आधार पर कानूनी रूप से कार्रवाई की कही बात

**बागेश्वर :** सामाजिक कार्यकर्ता और कानूनी तौर पर जनहित याचिका दायर कर विभिन्न प्रकार के मुद्दों को उजागर करने वाले गोपाल वनवासी ने खड़िया खनन में सरकारी लोकसेवक रहते हुए खड़िया खनन में उनके परिवारजनों के नाम पर खनन पट्टे स्वीकृत होने पर दी गई शिकायत पर कार्रवाई की मांग को लेकर जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।इसके अलावा उन्होंने पत्रकार वार्ता भी की। उन्होंने कहा कि खड़िया खनन में सरकारी महकमे से और राजस्व और जिलाप्रशासन में कार्य करने वाले कर्मचारियों के परिवार भी शामिल हैं। कहा कि सरकारी पद में रहते हुए खनन पट्टाधारकों से सरकारी महकमे के अधिकारी कर्मियों द्वारा मिलीभगत कर खनन पट्टो में अपने परिवारजनों सहित नजदीकी रिश्तेदार को सांझेदार बनाए जाने की जानकारी जनता द्वारा मिल रही है।जिसके आधार पर मिली शिकायत पर पुष्टि हेतु प्रमाणिकता हेतु खनन विभाग से सूचना के अधिकार से जानकारी ली गई।जिसके आधार पर जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात कुछ नजदीकी तौर पर जिलाधिकारी कार्यालय में बतौर संविदा के पद पर रहते हुए जिलाधिकारी के मुख्य व्यक्तिक सलाहकार के तौर पर नजदीकी रहते हुए अपने पत्नी के नाम पर खनन पट्टे स्वीकृत कराने, खनन पट्टाधारकों से मिलीभगत होने, और जिलाधिकारी कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी रहते हुए एक मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के पत्नी के नाम पर भी खनन पट्टा होने की शिकायत जिलाधिकारी से की है।उन्होंने कहा कि लोकसेवक रहते जब सरकारी पदासीन पद का दुरुपयोग करते हुए अपने नजदीकियों को फायदा दिलाने का कार्य करेंगे तो ऐसे में नियमों के साथ खिलवाड़ होना लाजिमी है।शनिवार को प्रेस वार्ता करते हुए बनवासी ने कहा कि जिले में नियुक्त दो कर्मचारियों की पत्नी के नाम पर खड़िया माइंस हैं। जिसमें एक सेवानिवृत्त भी हो गए हैं। जबकि पूर्व में एक संविदा कर्मचारी की पत्नी भी पट्टाधारक हैं। कहा कि ऐसे में खनन माफियाओं को संरक्षण मिलता रहा है। जिसकी जांच के लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है। उनकी आय से अधिक संपत्ति की जांच की मांग की है। कहा कि जिले में सभी खड़िया माइनों में पट्टाधारक के साथ हुए विभिन्न लोगों के साझेदारी शेयरों की जानकारी के लिए किए गए डीड की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के लिए न्यायालय में अपनी याचिका के माध्यम से इसकी गहनता से जांच की अपील की जा रही है।

उन्होंने जल्द सरकारी तंत्र में रहते हुए राजस्व विभाग सहित प्रशासनिक स्तर पर तैनात सरकारी कर्मियों की संलिप्तता के सबूत खोजने के प्रयास किए जा रहे हैं।जिसके लिए खनन क्षेत्रों में खनन से प्रभावित हुए लोगों से भी सहयोग लेने की बात कहते हुए जल्द अब तक खनन नियमों की अनदेखी कर मोटी रकम कमाने वालों का पदार्फाश करने का अभियान जारी रखने की बात कही।वही अब तक उच्च न्यायालय द्वारा किए जा रहे सख्त निर्णयों पर न्यायालय का आभार जताया।

## भारतीय किसान संघ की बैठक का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर ।** मोदीनगर तहसील से जुड़े गांव खिंदौड़ा में भारतीय किसान संघ विकास खण्ड मुरादनगर की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक त्यागी के मकान पर आयोजित की गई। बैठक में संघ से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई वहीं आगामी दिनों में होने वाले संघ से जुड़े विकास कार्यों को लेकर भी रूपरेखा तैयार की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक त्यागी, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार, जिला गौरक्षा प्रमुख योगेश त्यागी, जिला सदस्य शिवकुमार, ब्लॉक मंत्री नरेंद्र त्यागी, ब्लॉक जैविक प्रमुख तपेश्वर गोस्वामी, ब्लॉक सहमंत्री मुनेंद्र, ब्लॉक उपाध्यक्ष हरीश कुमार, सदस्य मुनेश कुमार व दीपक सहित संघ के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## 15 महिलाओं की गई जांच और 28 बच्चों को लगाया गया टीका



वेलकम इंडिया

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर और फूलपुर पांडेय में शनिवार को आयोजित टीकाकरण में शिविर गर्भवती महिलाओं की गोंद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गर्भधात्री महिला सादिका व मुक्कैशजहां को पोषक तत्व का खाद्य सामग्री और फल आदि देकर आंगनवाड़ी कार्यकत्री मीरा देवी ने गोदभराई की। दोनों शिविरों में 28 बच्चों का टीकाकरण एवं 15 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इस अवसर पर एएनएम शारदा देवी , आशामती, मीरा , मुन्नी देवी आदि लोग उपस्थित रहे।

## जौलकांडे, ज्वालादेवी वार्ड सहित कफलखेत के समीप गुलदार दिखने से लोगों में दहशत

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जौलकांडे के समीप के जंगल,नगर क्षेत्र के ज्वालादेवी वार्ड के मजियाखेत व आदर्श कॉलोनी में इन दिनों गुलदार की धमक बढ़ गई है। इससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। सभासद समेत क्षेत्र के लोगों ने इसकी शिकायत प्रभागीय वनाधिकारी से की है। उन्होंने क्षेत्र में पिंजड़ा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है। सभासद नीमा जोशी के नेतृत्व में क्षेत्र के लोग डीएफओ से मिले। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से गुलदार मजियाखेत, कफलखेत, नारायणदयो,सहित जजी के समीप गुलदार की धमक बढ़ गई है। इस कारण लोगों में दहशत बनी हुई है। क्षेत्र में अधिकतर लोग कारोबारी है। वे लोग देर से घर लौटते हैं। वही गुलदार दिखने से भयभीत लोग आशंकित होकर रात होने पर समूह में जाने को मजबूर हो रहे हैं।गुलदार का भय मन मे बैठा हुआ है।लोग रात होने के बाद लगातार घर पहुँचने तक मोबाइल फोन कर चिंतित रह रहे हैं।जंगली जानवर होने के नाते कभी भी लोगों को अचानक गुलदार का हमला होने का खतरा बना हुआ है। उनकी सुरक्षा की दृष्टि से पिंजड़ा लगाने की मांग की है। इस मौके पर वंशीधर जोशी, कृपाल सिंह मेहता, घनानंद जोशी, प्रकाश जोशी, भुवन चंद्र पाठक, जन्मेजय उपाध्याय, गौरव ड्योड़ी, श्याम सिंह, सोनिया तिवारी आदि मौजूद रहे।वही प्रभागीय वनाधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने सभी लोगों से जागरूक होते हुए कही भी गुलदार दिखने पर इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को देने, और सभी से सतर्कता बरतने की अपील की।

# शिव भक्तों की सेवा करना पुर्णिय कार्य

वेलकम इंडिया महमूद रजा



नजीबाबाद मा0 रमेश सिंह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मा रमेश सिंह ने कहा गंगाजल आ रहे शिव भक्त कांवरियों की सेवा बहुत ही पुनीत कार्य है यह सेवा करने का सौभाग्य है बहुत ही कम लोगों को मिलता है उन्होंने कहा कि बाजपुर के पूर्व चेयरमैन समाजसेवी सत्यभूषण सिंह गुप्ता के परिवार के द्वारा विगत 41 वर्षों से हरिद्वार रोड पर भागू वाला वार्डर पर शिव भक्तों सेवा में सेवा शिविर लगाया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में शिव भक्त भोजन जलपान दवाइयां आदि निशुल्क प्राप्त करते हैं इनके द्वारा अपने पूरे परिवार के साथ बहुत ही श्रद्धा भाव से कांवड़ सेवा शिविर लगाया जाता है जिसकी शिव भक्त कांवरिया सराहना करते हैं शिविर के संस्थापक समाजसेवी सत्यभूषण सिंह ने सभी स्थानीय राजनीतिक, सामाजिक व्यक्तियों, के साथ-साथ जिला प्रशासन के अधिकारियों का भी धन्यवाद किया कि उनका पूरा सहयोग इस सेवा शिविर को प्राप्त होता है इसी सहयोग से वह सपरिवार शिव भक्तों की सेवा करते हैं सेवा शिविर में आज वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, संस्कृति फाऊंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डा रितेश सैन,जिला मीडिया प्रभारी पिछड़ा मोर्चा अरविंद विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, कमल सैनी, सचिन देशवाल, अनुज चौधरी, पूर्व प्रधान हितेश राजपूत, अनुज काकरान,डा मयंक चौहान, यूवी चौधरी, कृष्ण पाल सिंह, राजेंद्र सिंह आदि ने आज शिव भक्तों की सेवा की।

## महाकुंभ प्रयागराज के लिए नगर से 790 श्रद्धालुओ की टोली रवाना



वेलकम इंडिया

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता के तरफ से शनिवार दोपहर को बिस्कोहर से प्रयागराज महाकुंभ स्नान के लिए 790 श्रद्धालुओं को बस से रवाना किया गया। इस दौरान चेयरमैन ने नगर के राम जानकी दुर्गा धाम मंदिर से 10 बसों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। चेयरमैन ने बताया कि नगर के गोविंद नगर, राम नगर, भगत सिंह नगर व अशोक नगर आदि वार्ड के 790 श्रद्धालु रवाना हुए है, जो रविवार की सुबह प्रयागराज पहुंच जाएंगे। इस दौरान राम नरेश पासवान, कन्हैया वरुण , मनोज यादव, बाबा तुलसीराम दास, पिंकू मोदनवाल, राम दुलारे गुप्ता आदि मौजूद रहें।

## अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला सचिव मनोनीत देव चौहान



वेलकम इंडिया

**नूरपुर।** अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब की बैठक गेस्ट हाउस नूरपुर में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को बढ़ाने व मजबूत करने पर जोर दिया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सह सचिव विनोद शर्मा एवं संचालन जिला प्रभारी नितिन शर्मा ने किया। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने देव चौहान को जिला सचिव मनोनीत किया गया। जिला सचिव देव चौहान का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला प्रभारी बिजनौर नितिन शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार दबे कुचले वर्ग की आवाज बनकर जनहित में कलम चलाएं। पीत पत्रकारिता से बचे और संगठन हित में एकजुट रहे। अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष बिजनौर अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि मै संगठन के कार्यकताओं के साथ दिन-रात कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। तथा संगठन की मजबूती पर विशेष बल दिया और संगठन के बिस्तार पर चर्चा की। बैठक में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, जिला सचिव शुभम वालिया, नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह चौहान, नूरपुर ब्लॉक महामंत्री बृजनंदन दास, ब्लॉक कोषाध्यक्ष नवेंदु शर्मा, ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहम्मद हैदर राजा, चांदपुर नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा चांदपुर नगर महामंत्री मोहम्मद अरशद आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## मेवाड़ में समारोह पूर्वक मनाई गई महर्षि दयानंद जयंती

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने विवेकानंद सभागार में कहा कि भारत देश में स्वतंत्रता संग्राम के जनक महर्षि दयानंद थे। स्वतंत्रता संग्राम में स्वामी दयानंद का योगदान अतुलनीय है।

उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। इन्हें अमल में लाना होगा। इन्हें अमल में लाने पर ही विश्व में व्याप्त तमाम विवादों और पाखंडों से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद रचित 'सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक लोग एक बार जरूर पढ़ें। इससे आपका आध्यात्मिक व आंतरिक विकास होगा और आप श्रेष्ठ जीवन जीने के हकदार बनेंगे। उन्होंने महर्षि दयानंद के जीवन चरित्र और उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. गदिया ने कहा कि आज भी हम कुरीतियों, अंधविश्वास व रुढ़ परम्पराओं में जकड़े हुए हैं। आज भी थोथे कर्मकांड के हम शिकार हैं। वर्ण व्यवस्था आज भी कायम है। वर्ष 1875 में आर्य समाज की स्थापना के समय महर्षि दयानंद ने हरिद्वार में पाखंड खंड खंडिनी पताका गाड़कर सभी विद्वानों को शास्त्रार्थ की चुनौती दी। इसमें उन्होंने तमाम अंध विश्वासों व विरोधों को समाप्त कर स्त्री शिक्षा पर जोर दिया। वर्ण व्यवस्था, अंधविश्वास, रुढ़ परम्परा, लोभ, मोह आदि का त्याग करने की बात कही। डॉ. गदिया ने कहा कि स्वामी दयानंद महिलाओं के विकास के प्रबल पक्षधर थे। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की निदेशिका डॉ. अलका अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी महापुरुषों की जयंतियों से प्रेरणा लें।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल में हैल्दी प्लैनेट में वार्षिकोत्सव का आयोजन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शास्त्री नगर स्थित नेहरू वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को हैल्दी प्लैनेट ;अर्ली इयरद्ध का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस नाटक को प्री नर्सरी, नर्सरी व के.जी के 297 छात्रों ने उत्साह के साथ प्रस्तुत किया।

यह समारोह दो पारी में संपन्न हुआ। दोनों पारियों में छात्रों ने अपने अभिनय का परिचय दिया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि डॉ कंवर पाल सिंह रहे। विद्यालय की एक्जीक्यूटिव हैड सुजैन होम्स ने समस्त अभिभावकों तथा गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत करते हुए नन्हे छात्रों की रचनात्मकता, उत्साह और आत्मविश्वास की प्रशंसा की। कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आरंभ नाटक की 'मेकिंगज्को दिखाकर किया गया। यह नाटक 'ओलीज ऑक्टोपैंट्सज् नामक कहानी पर आधारित था। नन्हे-नन्हे बच्चे विभिन्न समुद्री जीवों -मछली, समुद्री घोडा, ऑक्टोपस, कछुआ, स्टारफिश, जेलीफिश, केकड़ा, सील, लॉबस्टर, शार्क, स्टिंगरे, पिफरफिश और ईल की वेशभूषा में थे। सभी विद्यार्थियों ने इन जलीय जीवों को अभिनय व भावपूर्ण संवादों से मंच पर जीवंत किया। बच्चों ने नृत्य से इस कार्यक्रम और भी सुंदर बना दिया। नन्हे-नन्हे छात्रों ने अपने अभिनय, संवाद और नृत्य के द्वारा आमंत्रित अभिभावकों व अतिथिगणों के मन को मोह लिया। सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया और उनके अभिनय और नृत्य की भूरि-भूरि प्रषंसा की। समारोह के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर डॉ अरुणाभ सिंह ने छात्रों के अभिनय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को संभव बनाने में हमारे अध्यापकगण व अभिभावकों ने पूर्ण सहयोग दिया। इसके लिए विशेष रूप से हमारे नन्हे-नन्हे छात्र बधाई के पात्र हैं। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अच्छे, ईमानदार और जुझारु नेता है रामपाल चौधरी: रामकिशोर अग्रवाल

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने कहा कि रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी अच्छे,ईमानदार और जुझारु नेता है । इनका कोई विरोध नहीं है।जो पद इनको दिया गया है उसके लायक है यह।इनके आचार विचार से वह पूरी तरह से सहमत हैं। लघु उद्योग भारती संस्था के तत्तवावधान में राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट सीकरी कलां में रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी के स्वागत समारोह में आयोजित एक कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल ने उक्त बात कही।इस मौके पर चौधरी रामपाल सिंह ने कहा कि पद आते जाते हैं व्यक्ति का व्यक्तित्व ही काम आता है। उन्होंने रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उनमें जो विश्वास जताया है उस पर पूरी तरह से खरा उतरने का वह प्रयास करेंगे।भाजपा नेता डा.पवन सिंघल ने कहा कि जो जिम्मेदारी उनको दी गई है वह उसे बखूबी निभाएंगे। इनका व्यवहार राजनीति उपर उठकर है। संस्थान के सचिव अमित अग्रवाल ने कहा कि यह और उंचाईयों पर जाए ऐसी वह ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।इस अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, प्रधान मनोज, प्रवीण मित्तल, अनिल मित्तल, नवीन जायसवाल आदि ने विचार रखते हुए राम पाल चौधरी को जुझारु नेता बताया। इस अवसर पर संजीव यादव, सरमेश प्रधान,पियूष गुप्ता, अरविंद अग्रवाल, सतेंद्र शर्मा. ईश्वर चंदस अशोक अग्रवाल, सतेंद्र गौतम, राजीव शर्मा, सागर व चांदवीर आदि ने भी स्वागत किया। संचालन रुपचंद शर्मा ने किया।

# श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव 24 फरवरी को



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** श्री खाटू श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव 24 फरवरी दिन सोमवार को आयोजित किया जा रहा है।जिसमें प्रातः 8 बजे खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा शिव चौक गोविंदपुरी से शुरू होकर मुख्य मार्ग जी टी रोड होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर सी लाइन महेंद्र पूरी पर विश्राम लेगी. इसी दिन सायं 7:15 से बाबा श्याम का विशाल कीर्तन मंदिर परिसर में होगा जिसमें बाबा को कलकत्ता और बैंगलौर के 551 किलो फूलों दद्वारा सजाया जाएगा, बाबा श्याम को 1111 किलो छप्पन भोग का प्रसाद लगाया जाएगा।सभी श्याम भक्तों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इस कार्यक्रम में बाबा को भजनों के माध्यम से रिक्षाने आ रहे है। रराजस्थान की शाल, श्याम जगत के लाडले मुकेश बागड़ा , जयपुर से और अशोक लखेरा , सीताराम शर्मा , निशा शर्मा, सिद्धांत, ईशा शर्मा, ओर मंच संचालक गिरीश शर्मा ?द्वारा बाबा श्याम को रिझाया जाएगा।मंडल के सभी पदाधिकारी र अध्यक्ष रमेश गोयल, अरुण खन्ना, पंकज गोयल, राकेश अग्रवाल, अमित गोयल, अजय बंसल, देवेन्द्र सोनी, कपिल गुप्ता, प्रमोद गर्ग, गिरीश बंसल, शुभांकर गुप्ता, राजीव जिंदल, सत्यम बंसल, बंटू शर्मा, जितेंद गर्ग, मनोज चौधरी, श्रीमती विजया लक्ष्मी, श्रीमती निशा शर्मा, योगेश वार्ष्णेय, विजय जिंदल, मनोज सिंहल, राघव गोयल, निखिल गोयल, आदि लोगों ने फाल्गुन महोत्सव का कार्यभार संभाला।

## स्वर्णकार समाज मोदीनगर का आज होगा शपथ ग्रहण समारोह

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** स्वर्णकार समाज मोदीनगर का रविवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है। जिसमें देशभर के अनेक मंत्री, सांसद व विधायक सहित स्वर्णकार समाज की अनेक नामचीन हस्तियां जुटेंगी।

स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष मोहित सोनी ने बताया कि रविवार 23 फरवरी को मुल्तानीमल मोदी पी0जी0 कॉलिज के विशाल सभागार में आयोजित स्वर्णकार समाज समीति के शपथ ग्रहण समारोह में संगठन के संरक्षक पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, विधायक शौहरतगढ़ विधानसभा से विनय वर्मा, विधायक कुशीनगर मोहन वर्मा, सांसद राज्यसभा प्रदीप कुमार वर्मा, सांसद राज्यसभा रामचन्द्र जांगड़, एमएलसी जीवन कुमार वर्मा, चेयरमैन विनोद जाटव उर्फ वैशाली, नीजी सचिव जल शक्ति राज्यमंत्री सुभाष सोनी, नीजी सचिव केन्द्रीय कानूनी मंत्री डॉ0 राजीव वर्मा, अध्यक्ष आदित्य बिरला समूह डॉ0 विनोद वर्मा आदि दर्जनों स्वर्णकार समाज की नामचीन हस्तियों शिरक्त करेंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के उत्थान व विकास के लिये अनेक लाभकारी योजनाओं की घोषणाऐं भी की जायेंगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के हजारों की संख्या में स्वर्णकारबंधु हिस्सा लेंगे।

## विद्युत विभाग की टीम ने खतौलो, और धतोली मुगल मे पीएससी पुलिस बल के साथ चलाया चेकिंग

वेलकम इंडिया



**सहारनपुर।** विधुत विभाग ने पीएससी पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर बड़े बकायेदार उपभोक्ताओं के कांटे कनेक्शन विधुत विभाग की छापेमारी से गांव वालों में मचा हड़कंप विद्युत विभाग ने विधुत चोरी व बकायादारों व बिल जमा ना करने वालो के विरुद्ध चलाया विशेष चेकिंग अभियान सहारनपुर मुख्य अभियंता सुनील कुमार अग्रवाल व अधीक्षण अभियंता शिशिर कुमार चाही व संजीव कुमार अधिशासी अभियंता सहारनपुर के निर्देशन में विद्युत विभाग की टीम तथा पीएसी पुलिस बल के साथ चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान बिजली चोरी रोकने के लिए उप खंण्ड अधिकारी अंकित त्यागी कैलाशपुर के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम ने गांव में एक साथ मिलकर छापामारी की विद्युत चोरी करते पकड़े गए लोगों के विरुद्ध विभाग द्वारा कानूनी कार्यवाही की जा रही है इस दौरान बकायेदारों को समय पर बिजली का बिल जमा करने को कहा गया।बिजली जमा न करने वालो को कनेक्शन काटने की चेतावनी दी गई। चैकिंग के दौरान कैलाशपुर उपखण्ड अधिकारी अंकित त्यागी व अवर अभियंता सुनील कुमार व अवर अभियंता सूर्यभान प्रजापति व अवर अभियंता श्यामवली वर्मा टी जी टू.कमलदीप व.सचिन कुमार सिद्धार्थ कुमार अमित कुमार, राहुल, कुमार व पीएसी पुलिस बल एवं संविदाकर्मी व लाइनमैन स्टाफ के साथ चैकिंग अभियान में विभागीय स्टाफ मौजूद रहा।

## रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया

**मोदीनगर।** विभिन्न हिंदू संगठनों व भूतपूर्व सैनिक संगठन के सदस्यों व ग्राम वासियों द्वारा ग्राम सारा मोदीनगर में रास्ते में अवैध कब्जे को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन में आरोप लगाया है कि रास्ते की जमीन पर अवैध रूप से मस्जिद का निर्माण कराया जा रहा है ।राजस्व ग्राम सारा में आम आवागमन के रास्ते की जमीन पर अवैध कब्जा करके बिना तहसील प्रशासन की अनुमति के अवैध मस्जिद के निर्माण को तत्काल प्रभाव से रुकवाकर ध्वस्तीकरण कराने की मांग की है। एसडीएम मोदीनगर ने इस संबंध में कार्रवाई कराने का पूर्ण आश्वासन दिया।इस दौरान अनिल,सोनू, बिजेंदर, धीरेन्द्र, रामकिशन शर्मा, रितिक, प्रतीक दीपक व अन्य आदि उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा व ई-रिक्शा की बैट्री चोरी करने वाले अभियुक्त को किया



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर क्षेत्राधिकारी अयोध्या के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक पूराकलन्दर के नेतृत्व मे थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 58/25 धारा 303(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 100/2025 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण क्रमशः 1. सुनील पुत्र रामराज निवासी ग्राम जलालपुर थाना बीकापुर जनपद अयोध्या 2.विक्रम पुत्र तालुकदार निवासी चाँदपुर थाना को0 बीकापुर जनपद अयोध्या को दिनांक 21.02.25 समय 23.50 बजे गिरफ्तार कर अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी का एक अदद ई-रिक्शा व 04 अदद ई-रिक्शा की बैट्री बरामद किया गया अभियुक्तों को मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

## उपचुनाव के बाद आयोजित थाना समाधान दिवस रहा फीका ।फरियादियों की घटी संख्या



वेलकम इंडिया

**अयोध्या।** विधानसभा उपचुनाव के बाद सर्किल मिल्कीपुर के तीनों थानों में समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें कुल 19 लोगों ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिनमें से एक का भी निस्तारण मौके पर नहीं कराया जा सका।

मिल्कीपुर में विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने के बाद आयोजित थाना समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह ने कोतवाली इनायतनगर में शिकायतों की सुनवाई की जहां क्षेत्र के 6 लोगों ने शिकायत की। सुशील व अनुपम ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी गाटा संख्या 515 का 529 में विपक्षी जबरन जेसीबी मशीन से मिट्टी खुदाई कर रहे हैं तथा ईंट रख कर कब्जा कर लिया है। पारा ब्रम्हनान निवासिनी ऋचा पुत्री प्रेम कुमार ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि उसके ससुरालीजन दहेज के लिए प्रताड़ित करते हैं घर से निकाल दिया है ।धौरहरा मुकुंदा के राम शंकर प्रार्थना पत्र दिया कि विपक्षी आलोक कुमार द्वारा उसकी भूमि में जबरन हस्तक्षेप किया जाता है जबकि पैमाइश भी हो चुकी है। थाना कुमारगंज में नायब तहसीलदार मिल्कीपुर आनंद प्रकाश राय व थानाप्रभारी अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया जहां दो शिकायती पत्र प्राप्त हुए। थाना खंडासा में आयोजित थाना समाधान दिवस में सर्वाधिक 11 शिकायतें प्राप्त हुई परंतु राजस्व विभाग के किसी अधिकारी के न रहने के चलते एक का भी निस्तारण नहीं हो सका।

# ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

वेलकम इंडिया




**मिल्कीपुर अयोध्या।** नेहरू युवा केंद्र, अयोध्या (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में विकासखंड अमानीगंज स्थित महारानी सुखमता इंटर कॉलेज, बांसगांव में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी, वॉलीबॉल, स्लो साइकलिंग, बैडमिंटन, 400 मीटर दौड़ एवं कुश्ती जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य उमानाथ शुक्ला एवं वरिष्ठ समाजसेवी रविंद्र पांडेय ने विजेता, उपविजेता एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को शील्ड, मेडल, ट्रॉफी एवं टी-शर्ट देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपासना शुक्ला, उर्मिला शुक्ला, राजीव शुक्ल, अजय पांडेय, बिहारी मिश्र, ज्योति, रेनू, अंकिता, रामकुमार एवं मनोज सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने सफल प्रतियोगिता के लिए सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## सार्वजनिक स्थानों पर शराब का सेवन करने वाले शराबियों का नशा उतारने के लिए उतरी पुलिस

**गाजियाबाद।** शराब की दुकानों के आसपास और सार्वजनिक स्थानों पर शराबियों का जमावड़ा रोकने के लिए पुलिस का विशेष अभियान जारी है। नियमों का मखौल उड़ाने पर गुरुवार रात 587 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि खुले में शराब का सेवन रोकने के लिए सख्ती बरती जा रही है।इसके अंतर्गत प्रतिदिन शाम सात से रात 10 बजे तक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।गुरुवार रात भी पुलिस ने विभिन्न थानाक्षेत्रों में अभियान चलाकर कार्रवाई की है।इस दौरान नियमों का उल्लंघन मिलने पर 587 व्यक्तियों को दबोचा गया।

# इफको के बैठक में किसानों को नैनो यूरिया छिड़काव करने की दी गई जानकारी

वेलकम इंडिया

**गोल्हौरा/सिद्धार्थनगर।** बांसी समिति गोल्हौरा पर किसान सभा का आयोजन किया गया। किसानो का स्वागत मो शमीम ने किया । क्षेत्रीय अधिकारी इफको अरविंद प्रताप ने किसानो को बोरी वाले उर्वरक को कम कर नैनो उर्वरक प्रयोग करने की सलाह दी इफको नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी सागरिका तरल एवं अन्य उत्पाद के प्रयोग विधि ,महत्व , पावर स्प्रेयर के उपयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।स्प्रेयर मशीन आदि के बारे में बताया गया एडीओ राम जी गौतम ने अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उद्देश्य के बारे में बताकर नैनो यूरिया प्लस और नैनोडीएपी ,सागरिका तरल का खेत में प्रयोग को बढ़ावा देने की सलाह दी । समिति सचिव ने किसानो से उत्पादन बढ़ाने हेतु नैनो उर्वरक और सागरिका का प्रयोग करने के सलाह देकर सभी का धन्यवाद किया।इस कार्यक्रम समिति सचिव यादवेन्द्र प्रताप, समित संचालक रूद्रनरायण पाण्डेय एवं सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



## 28 फरवरी को फूलों की खुशबू से महकेगा जिला, फ्लावर शो

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** आगामी 28 फरवरी को आपको गाजियाबाद में एक बेहद रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेगा जहां चीन की चाउमीन का गाजियाबाद की चटोरी चाट से कंपटीशन होगा मौका होगा लैंड क्राफ्ट द्वारा आयोजित फ्लावर शो का जिसमें तरह-तरह के पकवान और पुष्प आपका मन मोहने के लिए तैयार किया जा रहे हैं। ललित जायसवाल जिनके द्वारा कई वर्षों से गाजियाबाद में फ्लावर शो का आयोजन भव्य रूप से किया जा रहा है इस बार गाजियाबाद नगर निगम के साथ मिलकर लैंडक्राफ्ट और भी अधिक भव्यता से फ्लावर्स शो करने के लिए योजना बना रहा है, ललित जायसवाल द्वारा बताया गया फ्लावर शो के माध्यम से शहर को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता रहा है इसी क्रम में नगर निगम के साथ इंदिरापुरम नीति खंड के स्वर्ण जयंती पार्क में फ्लावर शो का आयोजन होगा। पर्यावरण जागरूकता हेतु प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, बड़े-बड़े शहरों व्यापारी भी मेले में अपना स्टॉल लगाएंगे। रमा त्यागी द्वारा बताया गया नगर निगम लगातार शहर हित में बेहतर कार्य कर रहा है इस बार गाजियाबाद नगर निगम के साथ फ्लावर शो होगा जिसमें पर्यावरण जागरूकता हेतु कई प्रतियोगिताएं भी रखी जाएगी साथ ही कार्यक्रम में वर्कशॉप भी होगी जिससे होम कंपोस्टिंग, बाल्कनी गार्डन, ट्रे गार्डन, कचरा निस्तारण, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के बारे में जागरूक किया जाएगा।

# नगर आयुक्त ने वर्चुअल बैठक कर लिया फीडबैक

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद द्वारा नई टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शनिवार को वर्चुअल बैठक कर सभी जोनल प्रभारियों और विभागीय अधिकारियों से फीडबैक लिया। इस दौरान नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि दो दिन के भीतर नवनिर्वाचित टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों की सूची तैयार कर प्रस्तुत की जाए। बैठक में साप्ताहिक बाजारों को व्यवस्थित करने, नए बाजार स्थलों के चिन्हांकन और पथ विक्रेताओं के लिए सुविधाओं को विकसित करने पर विशेष चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने जोर दिया कि नगर निगम द्वारा पीली पट्टी की सीमा रेखा खींची गई है, जिससे



बाजार पूर्व की भांति सुचारू रूप से संचालित हो सकें। नगर निगम के जनप्रतिनिधियों और व्यापारिक संगठनों के सहयोग से पथ विक्रेताओं की समस्याओं का समाधान निकालने में जुटा हुआ है। नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर निगम शहर में सुव्यवस्थित बाजारों और वेंडिंग जोन विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य कर रहा है, जिससे व्यापारियों और पथ विक्रेताओं को राहत मिलेगी और शहर की यातायात व्यवस्था भी सुचारू होगी। नगर निगम जल्द ही नई टाउन वेंडिंग कमेटी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करेगा, जिसमें व्यापारियों और पथ विक्रेताओं के लिए कई बड़े फैसले लिए जाएंगे। गाजियाबाद में बाजारों को व्यवस्थित करने की यह पहल शहर की अर्थव्यवस्था और व्यापारिक गतिविधियों को सुचारू करने में मील का पत्थर साबित होगी! इस दौरान अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव एवं अवनींद्र कुमार, चीफ इंजीनियर एन.के. चौधरी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश कुमार, उद्यान प्रभारी डॉ. अनुज कुमार सिंह मौजूद रहे। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक का कहना है कि नगर निगम टाउन वेंडिंग कमेटी के गठन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता और नियमों के अनुसार आगे बढ़ा रहा है।

## कैमकुस कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन में ₹दिव्यांगजन के साथ दुर्व्यवहार, हिंसा और शोषण से सुरक्षा₹ विषय पर कार्यशाला

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** भागीरथ सेवा संस्थान द्वारा संचालित कैंपस कॉलेज ऑफ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च के सभागार में दो दिवसीय उफए प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है जिसका विषय है- ₹दिव्यांगजन के साथ दुर्व्यवहार, हिंसा और शोषण से सुरक्षा₹। कार्यक्रम का शुभारंभ 22 फरवरी 2025, दिन शनिवार, समय- सुबह 10:30 बजे हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से करीब 80 रिहैब प्रोफेशनल एवं स्पेशल एजुकेटर ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत भागीरथ सेवा संस्थान के निदेशक अमिताभ सुकुल ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम के पहले दिन रिहैब प्रोफेशनल श्रीमती माहेश्वरी चौधरी ने व्याख्यान की शुरूआत की। उसके बाद रिहैब प्रोफेशनल श्रीमती रूमकी घोष और श्रीमती नीतू त्यागी एवं अंत में श्रीमती प्रियंका भनोट ने विषय पर अपने व्याख्यान रखे। गौरतलब है कि भागीरथ सेवा संस्थान राष्ट्र स्तरीय समाज सेवी संस्था है, जो पिछले 49 वर्षों से समाज सेवा के लिए अनवरत प्रयासरत है। संस्थान दिव्यांग






बच्चों की शिक्षा एवं व्यवसायिक शिक्षा के लिए स्पेशल स्कूल, डे-केयर सेंटर एवं ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट का संचालन कर रहा है।

दिव्यांजन हेतु किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्थान को वर्ष 2021-22 के लिए प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ संस्था चुना गया है एवं मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ 'योगी' जी के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत होने का भी गौरव प्राप्त है।

## नशे में धुत व्यक्ति ने तीन बच्चियों से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** कोई भला इतना कामुक कैसे हो सकता है। जो मासूम बच्ची नहीं बल्कि तीन-तीन बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करने का गुनाह कर सकता है। कम से कम उसे इंसान तो नहीं कह सकते। देश की राजधानी दिल्ली से सटे इस जिले के अंकुर विहार इलाके में एक नशे में धुत शख्स ने ये सब कर डाला।

हैवान ने दो सगी बहनों समेत तीन बच्चियों के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें कीं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस कमिश्नरेट के देहात जोन का दिल्ली से सटा थाना अंकुर विहार है। इसी थाना क्षेत्र के एक मुहल्ले में एक महिला अपनी दो बेटियों के साथ रहती है। महिला ने पुलिस को सूचना दी कि उनके पडोस मे रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा उनकी दो छोटी बच्चियों और उनके पडोस मे ही रहने वाली एक और छोटी बच्ची के साथ छेडछाड की। एसीपी अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस सूचना पर थाना अंकुर विहार पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। जिस वक्त आरोपी को गिरफ्तार किया गया वो बेहद नशे की हालत मे था। उसके खिलाफ पॉक्सो एक्स सहित कई संगीन धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस वारदात को लेकर अंकुर विहार इलाके में रहने वाले तमाम लोग हैरान हैं। लोग चर्चा कर रहे हैं कि भले ही नशे में हो। मगर तीन-तीन छोटी बच्चियों के साथ इस तरह की हरकत भला कोई इंसान कैसे कर सकता है।

# अंतिम चरण में विजयनगर में नए जोनल कार्यालय का निर्माण, निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। इसी क्रम में विजयनगर जोन में नए जोनल कार्यालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है।

शनिवार को नगर आयुक्त ने स्वयं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और निर्माण टीम को फिनिशिंग कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि लगभग 5.29 करोड़ रुपये की लागत से 2964 वर्ग मीटर क्षेत्र में यह अत्याधुनिक जोनल कार्यालय तैयार किया जा रहा है। इसका निर्माण कार्य मई 2025 तक पूर्ण होने की संभावना है, जिससे विजयनगर क्षेत्रवासियों को निगम से जुड़ी सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने कहा



विजयनगर जोनल कार्यालय क्षेत्रवासियों के लिए सुविधाजनक और अत्याधुनिक होगा। इसमें नगर निगम की सभी प्रमुख सेवाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी। कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, ताकि मई 2025 तक इसे जनता को समर्पित किया जा सके। इस निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सीएनडीएस (निर्माण एवं डिजाइन सेवाएं) को सौंपी गई है, जबकि लक्षद्वीप इंफ्रास्ट्रक्चर की टीम भी मौके पर मौजूद रही। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया विजयनगर जोनल कार्यालय का निर्माण क्षेत्रवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। यह एक आधुनिक और सुव्यवस्थित केंद्र होगा, जहां नागरिकों को नगर निगम से जुड़ी सभी सेवाएं एक ही स्थान पर मिलेंगी। मैंने निर्माण टीम को निर्देश दिया है कि वे कार्य में और तेजी लाएं, ताकि यह परियोजना निर्धारित समय मई 2025 तक पूरी हो सके। सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्किंग, फॉल सीलिंग, लाइटिंग और आधुनिक शौचालय जैसी सुविधाओं को उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि गाजियाबाद के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं और सुव्यवस्थित प्रशासन मिले, और हम इसे जल्द से जल्द साकार करेंगे। नगर निगम शहर की खूबसूरती बढ़ाने और नागरिक सुविधाओं में सुधार के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। विजयनगर जोनल कार्यालय के निर्माण से न केवल नगर निगम के कार्यों में तेजी आएगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बेहतर सुविधा भी मिलेगी।

वेलकम इंडिया



आवश्यकता हैः भागीरथ सेवा संस्थान में आउटरीच वर्कर (महिला) पद की भर्ती। कुल पद : 01, आवेदन की अंतिम तारीखः 27/02/2025, भर्ती योग्यताएं : कम से कम 8वीं कक्षा तक शिक्षित होना चाहिए और स्थानीय समुदाय और स्थानीय भाषा का अच्छा ज्ञान होना चाहिए। पिछले 1 वर्षों का अनुभव और फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं। कम से कम 20 दिन का फील्ड दौरा आवश्यक है। मासिक सैलरी : 10500/- प्रतिमाह। यात्रा व्यय : 1500/- प्रतिमाह। साक्षात्कार दिनांक : 28/02/2025, समयः प्रातः 11 बजे से सायं : 4 बजे तक।

संपर्क परियोजना प्रबंधक : सतेन्द्र शर्मा : मो०-8447131629 संस्थान ईमेल : tigzbbss@gmail.com संस्थान का पता : ए-59, प्रेम एन्क्लेव, निकट कैलाश हॉस्पिटल, मेरठ रोड, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201017 लैंडमार्क :- कैलाश हॉस्पिटल वाली गली।

## सेल्समैन ने साथी संग दिया था लूट की वारदात को अंजाम, गिरफ्तार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का मसूरी पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी पेट्रोल पंप का पूर्व सेल्समैन है।

जिसने सैलरी के रुपये नहीं मिलने पर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके कब्जे से एक कार और पेट्रोल/डीजल बरामद हुआ है और हापुड़ निवासी सुमित है। लूट की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी देहात सुरेन्द्रनाथ तिवारी ने बताया 21 फरवरी की देर रात कार सवार तीन युवक हवा हवाई इंडियन पेट्रोल पंप पर पहुंचे और मौके पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था तो उन्होंने खुद ही कैन में पेट्रोल और डीजल भर लिया, जब कर्मचारियों ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने कर्मचारियों के साथ भी मारपीट शुरू कर दी और डीवीआर लेकर फरार हो गए। पुलिस को मिली सूचना के आधार पर जांच शुरू



की गई जांच और मुखबिर की सूचना के आधार पर शनिवार को सुमित को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस पूछताछ में सुमित ने बताया कि वो पिछले 10 साल से अलग अलग पेट्रोल पंप पर काम कर रहा है। हवा हवाई पेट्रोल पंप पर भी करीब ढाई महीने काम किया, लेकिन पंप मालिक ने सैलरी देने से इनकार कर दिया कुछ दिनों बाद विकास और रजत ने भी काम छोड़ दिया। वर्तमान मैं इंडियन पैट्रोल पम्प हापुड़ रोड पर सेल्समैन का काम कर रहा था। तीनों को कई बार कहने के बाद भी सैलरी के बचे पैसे इंडियन पैट्रोल पम्प हवा-हवाई मसूरी से नहीं मिल पाये थे।

इस कारण 20 फरवरी को तीनों सुमित की गाड़ी ट्राइबर रिनाल्ट कंपनी की नम्बर प्लेट पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाया, जिससे गाड़ी की पहचान और ट्रेस न हो सकें। रात करीब 12 बजे हवा-हवाई इंडियन पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे।

## लैपर्ड जैसे जानवर को देखकर राजनगर निवासी हुए भयभीत

**गाजियाबाद।** बीती रात सैक्टर-1 राजनगर में रहने वाले लोग उस समय खौफजदा हो गये कि जब वर्षो से बंद पड़े डुप्लैक्स की छत पर लैपर्ड जैसा जानवर घूमता हुआ दिखाई दिया। उस जानवर को देखकर दहशतजदा लोगों ने जहां उसकी वीडियो बना ली वहीं उक्त मामले की सूचना कविनगर थाना पुलिस व वन्य विभाग के अधिकारियों को दे दी। उसके बाद पुलिस व वन्य विभाग की टीम ने उस फ्लैट की छत पर जाकर सर्च ऑपरेशन किया। लेकिन उस समय वहां पर तेंदुआ अथवा उसके जैग्सा जीव तो नहीं मिला लेकिन वहां पर किसी जानवर के सोने के साक्ष्य जरूर मिले। यह जानकारी देते हुए कॉलोनी निवासी मुकेश शर्मा ने बताया कि जब उनके बच्चे व परजिन अपने घर के बाहर खड़े थे तो उसी समय उनकी नजर सामने बंद पड़े दूसरे मोले पर स्थित फ्लैट की दत पर चली गई।

## पुलिस पर साप्ताहिक बाजार लगाने से रोकने का आरोप

वेलकम इंडिया

- शालीमार गार्डन में 80 फुटा रोड पर साप्ताहिक बाजार लगता है।

**गाजियाबाद।** शालीमार गार्डन में पुलिस पर साप्ताहिक बाजार लगाने से रोकने का आरोप लगा पैठ व्यापारियों ने नगर आयुक्त और डीसीपी ट्रांस हिंडन को पत्र भेजा है। आरोप है कि 20 साल से लग रहे बाजार को पुलिस ने बीते शुक्रवार को भी रुकवा दिया। अगले सप्ताह बाजार नहीं लगा तो प्रदर्शन करेंगे।

शालीमार गार्डन में 80 फुटा रोड पर साप्ताहिक बाजार लगता है। यहां दुकान लगाने वाले साप्ताहिक पैठ बाजार रेहड़ी-पटरी स्व मजदूर संघ के महामंत्री प्रदीप शर्मा का कहना है कि 21 फरवरी को व्यापारी यहां पहुंचे तो पुलिस ने रोक दिया। थाना पुलिस का कहना था कि उनके पास बाजार लगाने की अनुमति का कोई पत्र नहीं आया, जबकि मुख्य सचिव कह चुके हैं कि जगह की व्यवस्था होने तक बाजार पूर्व की भांति लगते रहेंगे। बीते दिनों नगर निगम में हुई टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में भी पीली पट्टी के भीतर बाजार लगाने का फैसला हुआ।

संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश का कहना है कि यहां भी नगर निगम ने पीली पट्टी खींच दी है, लेकिन स्थानीय पुलिस बाजार नहीं लगने दे रही। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील का कहना है कि शिकायत नहीं मिली है। थाना पुलिस से जानकारी लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दूधेश्वरनाथ मठ में महाशिवरात्रि महोत्सव की भव्य तैयारी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** ऐतिहासिक दूधेश्वरनाथ मठ में महाशिवरात्रि महोत्सव का भव्य आयोजन 24 से 26 फरवरी तक किया जाएगा। इस पावन अवसर पर देशभर से लाखों श्रद्धालु भगवान दूधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने आएंगे। महोत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडीएम सिटी गंभीर सिंह मंदिर पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंदिर के पीठाधीश्वर एवं श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि से भेंट कर व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा और सभी विभाग इस आयोजन में पूर्ण सहयोग देंगे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा और एडीएम गंभीर



सिंह ने स्वयंभू पौराणिक शिवलिंग की पूजा-अर्चना की और सिद्ध गुरु मूर्तियों की समाधियों पर मत्था टेका। मंदिर प्रशासन की ओर से महंत नारायण गिरि महाराज ने उनका स्वागत किया और उन्हें पटका पहनाकर तथा धार्मिक पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अजय चोपड़ा भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस महायोजन में सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। दूधेश्वरनाथ मठ गाजियाबाद का एक प्राचीन और सिद्ध स्थल है, जहां हर वर्ष महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल आयोजन होता है। इस बार की व्यापक तैयारियां और प्रशासन का विशेष सहयोग इस महोत्सव को और भी भव्य बना देगा।

## पुलिस लाइन के सामने तेज रफ्तार कार ने रोकी पुलिस की गाड़ी

**गाजियाबाद।** पुलिस लाइन्स के गेट पर पुलिस की गाड़ी को टक्कर मारकर एक कार सवार फरार हो गया। पुलिस आरोपी का सुराग लगा रही है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। घटना में एक पुलिसकर्मी को भी चोटें आई हैं। पुलिस की परिवहन शाखा में तैनात कांस्टेबल चालक कमल सिंह सरकारी गाड़ी को लेकर रात करीब 11 बजे पुलिस लाइन्स में वाहन खड़ा करने जा रहा था। गाजियाबाद की ओर से पुलिस लाइन्स के गेट में दाखिल होते समय हापुड़ की तरफ से एक तेज रफ्तार कार आई और गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी।

# देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़: संचालक-संचालिका सहित तीन गिरफ्तार, चार महिलाओं को किया रेस्क्यू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पिछले करीब पांच हफ्ते में दिल्ली से सटे ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस 5 सेक्स रेकैट का खुलासा कर चुकी है। शनिवार को भी पुलिस ने ऐसे ही एक सेक्स रेकैट का भंडाफोड़ करते हुए संचालक-संचालिका सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया जबकि यहां देह व्यापार के धंधे में झोंकी गई चार महिलाओं का रेस्क्यू किया गया। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये है कि इस गर्म गोश्त के कारोबार में लिप्त अधिकांश लोग देश की राजधानी दिल्ली के रहने वाले हैं। कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर पांच में एक फ्लैट में पुलिस ने देह व्यापार का पदार्फाश किया है। मौके से संचालक, संचालिका और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है। मौके से तीन मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव की ओर से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शुक्रवार रात हुई इस रेड में एसीपी इंदिरापुरम के साथ थाना प्रभारी कौशांबी भी मौजूद रहे। रेड के दौरान मौके पर महिला-पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले।



## महाशिवरात्रि से पहले महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की रोडवेज बसों में बढ़ी भीड़

**गाजियाबाद।** महाशिवरात्रि से पहले एक बार फिर रोडवेज बसों में महाकुम्भ जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढी शुरू हो गई है। शनिवार शाम पांच बजे तक यहां से 20 बसें यात्रियों को लेकर रवाना हुईं। आज यात्रियों की भीड़ और बढ़ेगी, जिसके लिए इंतजाम दुरुस्त किए जा रहे हैं। महाशिवरात्रि पर महाकुम्भ जाने वालों की संख्या बढ़ रही है। कहा जा रहा है कि इस दिन संगम में डुबकी लगाने वालों को अमृत स्नान का पुण्य मिलेगा। शनिवार को सुबह से ही कौशांबी डिपो पर प्रयागराज के यात्रियों की भीड़ रही। हालांकि बसें लगातार जाती रहीं, जिससे श्रद्धालुओं को इंतजार नहीं करना पड़ा। शाम पांच बजे तक 20 बसें रवाना हुईं। शुक्रवार को 30 बसें गई थीं। अधिकारियों का अनुमान है कि रविवार और सोमवार को 50–60 बसों से अधिक यात्री पहुंचेंगे। इसीलिए करीब 70 बसों की व्यवस्था की जा रही है, जो सिर्फ प्रयागराज के लिए आरक्षित रहेंगी। कौशांबी डिपो के कार्यवाहक सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक आयुष भटनागर का कहना है कि 20 बसे भेजी जा चुकी हैं।